संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -67 रविवार , 07 जनवरी 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये




## संक्षिप्त खबरें



### बिहार में मिनी बंदूक कारखाने का भंडाफोड़, तस्कर गिरफ्तार

**मुंगेर,06 जनवरी 2024(ए)।** बिहार के मुंगेर जिले के शामपुर थाना क्षेत्र में विशेष कार्य बल (एसटीएफ) की टीम ने एक अवैध मिनी बंदूक कारखाने का भंडाफोड़ किया है। यहां से पुलिस ने कई हथियार भी बरामद किए हैं।पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एसटीएफ की एक टीम ने शामपुर थाना के मंदारे पहाड़ी पर छापामारी कर एक मिनी बंदूक कारखाने का उजागर किया है।

### सीएम के प्रेस सलाहकार समेत इन्हें मिला ईडी का समन



**नई दिल्ली ,06 जनवरी 2024(ए)।** ईडी ने 1250 करोड़ के अवैध पत्थर उत्खनन मामले में मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू को समन जारी कर 16 जनवरी को पूछताछ के लिए बुलाया है। इसी मामले में ईडी ने साहिबगंज के उपायुक्त रामनिवास यादव को 11 जनवरी और आर्किटेक्ट तथा पिंटू के सहयोगी विनोद सिंह को 15 जनवरी के लिए समन कर दिया है।

### वीर गाथा में हिस्सा लेनेवाले सौ छात्र बने 26 जनवरी की परेड के विशेष अतिथि



**नई दिल्ली ,06 जनवरी 2024(ए)।** रक्षा मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय की एक संयुक्त पहल 'वीर गाथा' है। लगभग 2.43 लाख विद्यालयों के करीब 1.37 करोड़ छात्रों ने इस पहल में हिस्सा लिया। राष्ट्रीय स्तर पर इनमें से 100 विजेताओं का चयन किया गया है। इन्हे विशेष अतिथि के रूप में कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड- 2024 देखने का अवसर मिलेगा।

### राशन घोटाला मामले का आरोपी शंकर आध्या गिरफ्तार



**कोलकाता ,06 जनवरी 2024(ए)।** पश्चिम बंगाल में राशन घोटाला केस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने बंगाल के बोंगांव में राशन घोटाला मामले में टीएमसी नेता शंकर आध्या को शनिवार सुबह गिरफ्तार किया है। ईडी की टीम कल यानी शुक्रवार से ही शंकर आध्या के घर छापेमारी कर रही थी।

# सूर्य के एल 1 प्वाइंट पर स्थापित हुआ आदित्य यान

» सोलर मिशन आदित्य-एल 1 लैग्रेंज पॉइंट पर पहुंचा:126 दिन चला सफर

» अब पृथ्वी से 15 लाख किलोमीटर दूर;यह 5 साल सूर्य की स्टडी करेगा

**बेंगलुरु,06 जनवरी 2024(ए)।** इसरो का आदित्य-एल1 स्पेसक्राफ्ट 126 दिनों में 15 लाख किमी की दूरी तय करने के बाद आज यानी 6 जनवरी को सन-अर्थ लैग्रेंज पॉइंट एल1 पर पहुंच गया है। आदित्य-एल1 अब अपने 7 पेलोड की मदद से 5 साल तक सूरज की स्टडी करेगा।

स्पेसक्राफ्ट में 440 एन लिक्विड अपोजी मोटर लगी है, जिसकी मदद से आदित्य-एल1 को हेलो ऑर्बिट में पहुंचाया गया। यह मोटर इसरो के मार्स ऑर्बिटर मिशन में इस्तेमाल की गई मोटर के समान है। इसके अलावा आदित्य-एल1 में आठ 22एन थ्रस्टर और चार 10 एन थ्रस्टर हैं, जो इसके ओरिएंटेशन और ऑर्बिट को कंट्रोल करने के लिए जरूरी हैं।

एल1 अंतरिक्ष में ऐसा स्थान है, जहां पृथ्वी और सूर्य की गुरुत्वाकर्षण शक्तियां संतुलित होती हैं। हालांकि एल1 तक पहुंचना और स्पेसक्राफ्ट को इस ऑर्बिट में बनाए रखना कठिन टास्क है। एल1 का ऑर्बिटल पीरियड करीब 177.86 दिन है।

### मोदी बोले- विज्ञान की नई सीमाओं को आगे बढ़ाना जारी रखेंगे

पीएम नरेंद्र मोदी ने आदित्य-एल1 के हेलो ऑर्बिट में एंट्री करने की देशवासियों को बधाई देते हुए एक्स पर पोस्ट शेयर की है। पीएम ने लिखा- भारत ने एक और लैंडमार्क कायम किया है। सूर्य का अध्ययन करने वाला भारत का स्पेसक्राफ्ट आदित्य एल1 अपने डेस्टिनेशन पर पहुंच गया है।

यह सबसे जटिल और पेचीदा अंतरिक्ष अभियानों को साकार करने में हमारे वैज्ञानिकों के अथक परिश्रम का प्रमाण है। मैं इस असाधारण उपलब्धि की सराहना करने में राष्ट्र के साथ शामिल हूं। हम मानवता को फायदा पहुंचाने के लिए विज्ञान की नई सीमाओं को आगे बढ़ाना जारी रखेंगे।

### सोमनाथ बोले- ये मिशन पूरी दुनिया के लिए

इसरो चीफ एस सोमनाथ ने कहा कि आदित्य रु मिशन पूरी दुनिया के लिए है, अकेले भारत के लिए नहीं। उन्होंने कहा, आज हमने अपने मेजरमेंट के आधार पर सटीक प्लेसमेंट हासिल किया इसलिए अभी, हमारी गणना में, स्पेसक्राफ्ट सही जगह पर है।

### आदित्य-एल 1 का 4 हिस्सों में सफर

#### 1. स्पेसक्राफ्ट की लॉन्चिंग

आदित्य रु को 2 सितंबर को सुबह 11.50 बजे पीएसएलव्ही-सी 57 के एक्सएल वर्जन रॉकेट के जरिए श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से लॉन्च किया गया था। लॉन्चिंग के 63 मिनट 19 सेकेंड बाद स्पेसक्राफ्ट को पृथ्वी की 235 केएम × 19500 केएत की कक्षा में स्थापित कर दिया था।

आदित्य एल1 को 2 सितंबर को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से लॉन्च किया गया था।

#### चार बार ऑर्बिट चेंज

पहली बार इसरो के वैज्ञानिकों ने 3 सितंबर को आदित्य एल1 की ऑर्बिट बढ़ाई थी। उसकी पृथ्वी से सबसे कम दूरी 245 केएम, जबकि सबसे ज्यादा दूरी 22,459 केएम हो गई थी।

5 सितंबर को रात 2.45 बजे आदित्य एल 1 स्पेसक्रॉफ्ट की ऑर्बिट दूसरी बार बढ़ाई गई थी। उसकी पृथ्वी से सबसे कम दूरी 282 केएम, जबकि सबसे ज्यादा दूरी 40,225 केएम हो गई।

इसरो ने 10 सितंबर को रात करीब 2.30 बजे तीसरी बार आदित्य रु की ऑर्बिट बढ़ाई थी। उसकी पृथ्वी से सबसे कम दूरी 296 केएम जबकि सबसे ज्यादा दूरी 71,767 केएम हो गई।

इसरो ने 15 सितंबर को रात करीब 2:15 बजे चौथी बार आदित्य रु की ऑर्बिट बढ़ाई थी। उसकी पृथ्वी से सबसे कम दूरी 256 केएम, जबकि सबसे ज्यादा दूरी 1,21,973 केएम हो गई।



#### ट्रांस-लैग्रेंजियन इंसर्शन

आदित्य एल1 स्पेसक्राफ्ट को 19 सितंबर को रात करीब 2 बजे ट्रांस-लैग्रेंजियन पॉइंट 1 में पहुंचाया गया। इसके लिए यान के थ्रस्टर कुछ देर के लिए फायर किए गए थे। ट्रांस-लैग्रेंजियन पॉइंट 1 इंसर्शन यानी यान को पृथ्वी की कक्षा से लैग्रेंजियन पॉइंट 1 की तरफ भेजना।

#### एल1 ऑर्बिट इंसर्शन

ट्रांस-लैग्रेंजियन पॉइंट 1 इंसर्शन के बाद स्पेसक्राफ्ट को उसके पाथ पर बनाए रखने के लिए 6 अक्टूबर 2023 को ट्रैजेक्ट्री करेक्शन मेनोवर (टीसीएम) किया गया था। अब अंतिम चरण की प्रक्रिया हो गई है। और स्पेसक्राफ्ट एल 1 ऑर्बिट का चक्कर लगा रहा है।

### लैग्रेंज पॉइंट-1 क्या है ?

लैग्रेंज पॉइंट का नाम इतालवी-फ्रेंच मैथमैटीशियन जोसेफी-लुई लैग्रेंज के नाम पर रखा गया है। इसे बोलचाल में रु नाम से जाना जाता है। ऐसे पांच पॉइंट धरती और सूर्य के बीच हैं, जहां सूर्य और पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण बल बैलेंस हो जाता है।

अगर इस जगह पर किसी ऑब्जेक्ट को रखा जाता है तो वह आसानी से उस पॉइंट के चारों तरफ चक्कर लगाना शुरू कर देता है। पहला लैग्रेंज पॉइंट धरती और सूर्य के बीच 15 लाख किलोमीटर की दूरी पर है। इस पॉइंट पर ग्रहण का प्रभाव नहीं पड़ता।

### स्पेसक्राफ्ट को एल 1 ऑर्बिट में बनाए रखना बड़ी चुनौती

ये पॉइंट पूरी तरह से स्टेबल नहीं है, इसलिए आदित्य-एल 1 स्पेसक्राफ्ट को वहां बनाए रखने और वहां मौजूद दूसरे स्पेसक्राफ्ट्स से संभावित टकरावों से बचाने के लिए लगातार मॉनिटरिंग करनी होगी। समय-समय पर थ्रस्टर्स की मदद से इसे उसकी पाथ पर रखा जाएगा।

एटीट्यूड एंड ऑर्बिट कंट्रोल सिस्टम स्पेसक्राफ्ट के ओरिएंटेशन और पोजीशन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस प्रणाली में विभिन्न सेंसर, कंट्रोल इलेक्ट्रॉनिक्स और एक्चुएटर जैसे रिएक्शन व्हील्स, मैग्नेटिक टॉर्क और रिएक्शन कंट्रोल थ्रस्टर्स शामिल हैं। सेंसर सिस्टम में एक स्टार सेंसर, सन सेंसर, एक मैग्नेटोमीटर और जाइरोस्कोप शामिल हैं। आदित्य-एल 1 जैसे मिशनों के लिए, एटीट्यूड और ऑर्बिट कंट्रोल में हाईएक्यूरेसी महत्वपूर्ण है। इसके लिए इसरो ने एक सॉफ्टवेयर डेवलप किया है। यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी की मदद से इसकी टेस्टिंग की गई है। वर्तमान में नासा के डब्ल्यू आईएनडी,एसीई और डीएससीओआरव्ही जैसे स्पेसक्राफ्ट और ईएसए/नासा कोलाबोरेटिव मिशन एसओएचओ भी एल 1 के आसपास तैनात हैं।

### सूर्य की स्टडी जरूरी क्यों ?

जिस सोलर सिस्टम में हमारी पृथ्वी है,उसका केंद्र सूर्य ही है। सभी आठ ग्रह सूर्य के ही चक्कर लगाते हैं। सूर्य की वजह से ही पृथ्वी पर जीवन है। सूर्य से लगातार ऊर्जा बहती है। इन्हें हम चार्ज्ड पार्टिकल्स कहते हैं। सूर्य का अध्ययन करके ये समझा जा सकता है कि सूर्य में होने वाले बदलाव अंतरिक्ष को और पृथ्वी पर जीवन को कैसे प्रभावित कर सकते हैं।

### सूर्य दो तरह से एनर्जी रिलीज करता है:

प्रकाश का सामान्य प्रवाह जो पृथ्वी को रोशन करता है और जीवन को संभव बनाता है।

सूर्य से चुंबकीय कणों (मैग्नेटिक पार्टिकल्स) का विस्फोट होता है, जिससे इलेक्ट्रॉनिक चीजें खराब हो सकती हैं।


इसे सोलर फ्लेयर कहा जाता है। जब ये फ्लेयर पृथ्वी तक पहुंचता है तो पृथ्वी की मैग्नेटिक फील्ड हमें इससे बचाती है। अगर ये अंतरिक्ष में मौजूद सैटेलाइट्स से टकरा जाए तो ये खराब हो जाएंगी और पृथ्वी पर कम्युनिकेशन सिस्टम से लेकर अन्य चीजें ठप पड़ जाएंगी।

सबसे बड़ा सोलर फ्लेयर 1859 में पृथ्वी से टकराया था। इसे कैरिंगटन इवेंट कहते हैं। तब टेलीग्राफ कम्युनिकेशन प्रभावित हुआ था। इसलिए इसरो सूर्य को समझना चाहता है। अगर वैज्ञानिकों के पास सोलर फ्लेयर की ज्यादा समझ होगी तो इससे निपटने के लिए कदम उठाए जा सकते हैं।

भारत के पहले सूर्य मिशन आदित्य रु में लगे सोलर अल्ट्रॉवायलेट इमेजिंग टेलीस्कोप ने सूर्य की फुल डिस्क तस्वीरें खींची हैं। इन्हें कैद करने के लिए टेलिस्कोप ने 11 फिल्टर का इस्तेमाल किया है।

## राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होंगे मल्लिकार्जुन

**नई दिल्ली ,06 जनवरी 2024 (ए)।** क्या कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने को लेकर मीडिया में काफी चर्चा है। दरअसल मल्लिकार्जुन खड़गे और कांग्रेस की पूर्व अध्यक्षा सोनिया गांधी को समारोह के लिए आमंत्रित किया गया है। मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को कहा कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में वह शामिल होंगे या नहीं? इस पर वह बहुत जल्द निर्णय लेंगे। मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी के अलावा लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह का न्योता मिला है। कांग्रेस ने पहले कहा था कि फैसले के बारे में सही समय पर जानकारी दी जाएगी।



मुझे निमंत्रण मिला है। प्रधानमंत्री मोदी के पूर्व प्रधान सचिव ट्रस्ट (मंदिर ट्रस्ट) के सचिव के साथ आए थे और उन्होंने मुझे आमंत्रित किया। मैं इस पर जल्द ही फैसला करूंगा। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के निमंत्रण पर कांग्रेस शासित राज्य के एक मुख्यमंत्री के बयान के बारे में पूछे जाने पर मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि यह व्यक्तिगत आस्था के बारे में हैअगर कोई निमंत्रण है तो आप जा सकते हैं, कोई भी जा सकता है।

## लॉरेंस बिश्नोई-काला राणा गैंग का शार्पशूटर गिरफ्तार

**नई दिल्ली ,06 जनवरी 2024 (ए)।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को बड़ी कामयाबी मिली है। स्पेशल सेल ने लॉरेंस बिश्नोई-काला राणा गैंग के शार्पशूटर प्रदीप सिंह को दिल्ली के रोहिणी इलाके से शनिवार को गिरफ्तार कर लिया है। यही नहीं स्पेशल सेल ने प्रदीप सिंह के पास से अत्याधुनिक हथियारों के साथ ही जिंदा कारतूस भी बरामद किए हैं। प्रदीप सिंह पर अपहरण, लूट और हत्या जैसे तमाम मामले दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस प्रदीप सिंह से पूछताछ कर रही है। प्रदीप लॉरेंस बिश्नोई गैंग के खास गुर्गों में से एक है। इसके जरिए पुलिस को और भी कई गुर्गों तक पहुंचने में मदद मिल सकती है।



पिछले कुछ समय से लॉरेंस बिश्नोई का नाम सुर्खियों में बना हुआ है। बिश्नोई का गैंग पुलिस की हिट लिस्ट में शुमार है। लॉरेंस बिश्नोई देश के ड़प मोस्ट गैंगस्टर में से एक है, जो कई बड़ी वारदातों में शामिल है। देशभर में इस गैंग का नेटवर्क फैला है। बताया जाता है कि इसके गैंग में करीब 600 से ज्यादा शार्प शूटर शामिल हैं उन्हीं में से एक प्रदीप सिंह भी है। फिलहाल लॉरेंस बिश्नोई काफी समय से जेल में बंद है, जेल के अंदर से ही वो कई बड़ी वारदातों को अंजाम दे रहा है। खास तौर से बॉलीवुड की कई बड़ी हस्तियां उसके निशाना पर हैं। पिछले दिनों ही इस गैंग ने बॉलीवुड स्टार सलमान खान को धमकी दी थी, जिसके बाद सलमान खान की सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। इसके साथ ही इसके निशाने पर कुछ पंजाबी सिंगर भी हैं।

## जनता से बदतमीजी करने वाले अफसर को बख्शा नहीं जाएगा:मोहन यादव

**रीवा,06 जनवरी 2024(ए)।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यहाँ विकास कार्यों के लोकार्पण और शिलान्यास समारोह में कहा जनता ने हमें चुना है। सेवा का अवसर दिया है। जन प्रतिनिधि और अधिकारी जनता की सेवा के लिए हैं। कोई कितना भी बड़ा प्रशासनिक अधिकारी हो, उनके द्वारा जनता से की गई बदतमीजी को सरकार कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। यादव ने कहा कि यह सरकार जनता और गरीबों की सरकार है, जनता के सम्मान के मामले में किसी भी प्रकार का समझौता नही होगा। ज्ञात हो कि दो दिन पहले ही शाजापुर में कलेक्टर द्वारा वाहन चालक के लिए इस्तेमाल की गई अभद्र भाषा पर सरकार ने सख्त कदम उठाया था और कलेक्टर को वहां से हटाकर मंत्रालय स्थानांतरित कर दिया गया था। मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में विंध्य क्षेत्र का समग्र विकास होगा। विंध्य क्षेत्र अब विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा। शासन ने विकास कार्यों के विकेंद्रीकरण की व्यवस्था बनाई गई है। सरकार अब घर-घर तक विकास ले जायेगी। हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाया जाएगा।



## ईडी पर हमले के पीछे का मास्टरमाइंड था ईडी नेता शेख सजहान,लुकआउट नोटिस जारी

**कोलकाता,06 जनवरी 2024(ए)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अधिकारियों पर हमले के पीछे का मास्टरमाइंड टीएमसी नेता सहजहान शेख को माना जा रहा है। अब ईडी ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए टीएमसी नेता सहजहान के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया है।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को इस बात के पुख्ता सुराग मिले हैं कि एजेंसी की टीम पर हमले के पीछे मुख्य मास्टरमाइंड तृणमूल कांग्रेस नेता शेख सजहान ही था, जब वे उत्तर 24 परगना जिले में उनके आवास पर छापेमारी कर रहे थे। सूत्रों ने कहा कि पश्चिम बंगाल में विभिन्न वित्तीय घोटालों के आरोपियों के लिए भारी कानूनी खर्चों को शेख सजहान ही वहन करता रहा है।

हालाकि सजहान शुरू में पूर्व खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक के प्रमुख विश्वासपात्र था, जिन्हें राशन वितरण घोटाले में गिरफ्तार किया गया है, लेकिन सूत्रों के





अनुसार, वह आरोपियों की ओर से भारी कानूनी खर्चों को वहन करने के लिए धन का प्रमुख स्त्रोत बन गया।

धन के प्रमुख स्त्रोत के रूप में उसका महत्व मुख्य रूप से राज्य में करोड़ों रुपये के मवेशी तस्करी मामले में 22 अगस्त, 2023 को सीबीआई द्वारा तृणमूल कांग्रेस के दिग्गज नेता अणुब्रत मंडल की गिरफ्तारी के बाद बढ़ गया। ईडी को यह भी जानकारी मिली है कि सजहान मंडल की गिरफ्तारी के शुरुआती दिनों के बाद उसके कानूनी खर्चों की गुप्त फंडिंग के लिए जिम्मेदार था।राशन वितरण डीलर होने के अलावा, सजहान को उत्तर 24 परगना में भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमाओं के काफी करीब, संदेशखाली क्षेत्र में अधिकांश मछलीपालन फार्मों के प्रमुख संचालक के रूप में भी जाना जाता है। ईडी के अनुसार, इलाके में फैले ईंट-भट्ठों के लिए कोयला आपूर्ति के व्यवसाय से भी उसका संबंध है।

## संपादकीय

# बड़ी चिंता की बात है

यह साफ है कि कुछ राजनीतिक पार्टियों और सिविल सोसायटी के भी बहुत बड़े हिस्से में अडानी-हिंडनबर्ग मामले में सुप्रीम कोर्ट फैसले को सिर-आंखों पर लेने का भाव नहीं दिखा है। विचारणीय है कि आखिर ऐसा क्यों हो रहा है और इसका क्या समाधान है?

अडानी- हिंडनबर्ग मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर दो विपक्षी दलों की प्रतिक्रिया गौरतलब रही। कांग्रेस ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने यह निर्णय देते हुए 'असाधारण उदारता' दिखाई है। उधर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने कहा कि यह फैसला देकर न्यायपालिका ने अपनी प्रतिष्ठा में बढ़ोतरी नहीं की है। लोग इन दोनों प्रतिक्रियाओं के अर्थ अपने ढंग से निकालेंगे, लेकिन यह तो साफ है कि ये दोनों पार्टियों, दरअसल विपक्ष का एक बड़ा हिस्सा और सिविल सोसायटी के भी बहुत बड़े भाग में इस फैसले को सिर-आंखों पर लेने का भाव नहीं दिखा है। क्या इसे देश की न्यायपालिका की घटती साख का संकेत माना जाएगा? अगर ऐसा है, तो यह बहुत बड़ी चिंता की बात है। लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में आम धारणा यह होती है कि सरकार विभिन्न हितों के बीच समन्वय बनाने वाली इकाई है। वह या उसकी संस्थाएं ऐसा करती नहीं दिखतीं, तो शिकायत न्यायपालिका के पास जाती है। न्यायपालिका का निर्णय सर्वोच्च होता है, जिसे सभी संबंधित पक्ष पूर्ण विश्वास के साथ स्वीकार कर लेते हैं। लेकिन भारत में इस परंपरा का ह्रास होता दिख रहा है।

यह विचारणीय है कि ऐसा क्यों हो रहा है और इसका क्या समाधान है? गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने अडानी समूह के खिलाफ जांच करने के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) के गठन की मांग को ठुकरा दिया है। अदालत ने हिंडनबर्ग मामले में अडानी समूह के खिलाफ सेबी की जांच पर भरोसा जताया है और कहा है कि सेबी ही जांच को आगे ले जाएगी। एक और खास बात यह है कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में हिंडनबर्ग और संबंधित मीडिया रिपोर्टों की साख पर ही सवाल खड़े कर दिए हैं। कोर्ट ने कहा कि प्रेस की रिपोर्टें सेबी के लिए इनपुट जरूर हो सकती हैं, लेकिन उनके आधार पर यह नहीं कहा जा सकता कि बतौर नियामक सेबी अपना काम करने में नाकाम रही। कोर्ट ने यह भी कहा है कि सेबी और सरकार को देखना चाहिए कि क्या हिंडनबर्ग रिपोर्ट से किसी भारतीय कानून का उल्लंघन हुआ और क्या इस मामले में कोई कार्रवाई की जा सकती है।

# 7 जनवरी राजिम जयंती पर विशेष

छत्तीसगढ़ अपन कला संसकिरीति अउ सहित्य म समूचा विस्व म अपन अलगेच



**उत्कर्ष कुमार सोनबोइर**
राजीव नगर
खुर्सीपार भिलाई,
दुर्ग छत्तीसगढ़

ठउर बनाथे इंहा के मनखे मन ल तो कहे ही जाते कि छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया अउ ये कहे सुने वाले बातेच नोहे ये हरे घलो, इहां के जनलोक बड़ सिधवा अउ सेवा भाव रखइया हरे, वोकर संगे संग इहां भक्ति के घलो बड़ परताप हे।

माता सबरी,सिरिंगी रिसी, लोमस रिसी,तेलिन सती,माता भानेस्वरी, अउ गियान मारगी म बाबा गुरुघासीदास अउ धनी धरमदास साहब के बड़का नांव के सुरता आथे। अउ उहीच बड़का नांव में आथे दाई राजिम के जेखर नांव ल स्वयं भगवान विष्णु ह अपन नांव के आघू लगाये ल लगिस अउ समूचा विश्व म परसिद्ध होगे भगवान राजिम लोचन या कभू कभू राजीव लोचन घलो, काबर की उंखर नयन ह कमल के सामान रहिन इही भाव ले उन ल राजीव अउ दाई राजिम के लोचन कहे ल लागिस।

फुलझर-घटारानी के मूलनिवासी लोमस रिसी आसरम के परमुख बताथे कि बड़ दिन के बात आये दक्खिन कौशल के पदमावतपुरी म धरमदास अउ सान्ति नांव के दंपति राहत रिहिस,उंखर एको झन वारिस नई राहे तब उहीचे के रिसी जेला लोगन बाबा देवता कहिथे, वोकर कर संतान परपति यग्य के गुहार लगाइस,रिसी के परताप ले भगवान विष्णु म अपन भक्ति के आगाध परेम रखइया दाई राजिम के जनम 7 जनवरी के होइस। राजिम के भक्ति अउ सेवा भाव हर मनखे ल अपन डाहन खीच लेत रिहिस, हल्लू हल्लू



समय बितगे अब राजिम के दाई ददा ल वोकर बिहाव के संसो होयेला लागिस, तब उमन बने असन दामाद अउ घर परिवार देख के राजिम के बिहाव अमरदास संग करदिन।उंखर परिवार तेल पेरे अउ बेचे के बुता करे, एक दिन राजिम ह घलो महानदी पार करके नवापारा तेल बेचे बर जात रिहिस, तभे वोकर गोड़ एक ठीक पथर म परिन अउ सब्बो तेल ह उहिच मेर गंवागे, अउ वो पथर साक्सात बिस्नु के रहिस,तेल ह ऐसे गिरिस जइसे राजिम ह भगवान के तेल अभिसेक करे होही। राजिम बड़ संसो फिकर म पड़गे,तेल लेवइया मन वोकर बांट जोहत होही, वोकर घर म आज कइसे रोटी बनही? सब्बो तेल ह तो गवांगे। राजिम ह भगवान बिस्नु ले गोहार लगाइस,तभेच वो देखिस के तेल के मटका ह तो भरे राहे ये चमत्कार ल देख राजिम घलो अचरज रहिगे। घर जाके सबेच बात ल बने फरियार के बता डरिस अउ उमन ये निरनय लीन कि वो पथरा भगवान के रूप हे येला हमन अपन तेल घानी म बिराजबो। राजिम रोज संझा - बिहनिया लोचन भगवान के पूजा करथे अउ रोज घानी ले तेल पेरथे। वोकर घर अक्सय पातर कस मटका होये के बावजूद उमन रोज तेल पेर के तेल बेचे अउ ये मानव जगत ल बड़का सिक्सा दिन की करम ह ही पूजा आये।कलचुरी वंस के राजा जगतपाल ल ये ग्यात होइस कि वोकर राज म भक्तिन राजिम के वास हे, अउ वोकर घर लोचन भगवान के मूरत हे जेला अपन मंदिर म बिराजित करना हे। फेर माता राजिम के मर्ज़ी बेगर वोला हिलाना घलो असंभव हे। राजिम बड़ सेवा भाव वाले रिहिन उमन लोक कल्यान बर भगवान लोचन ल राजा जगतपाल के मंदिर म बैठार दिन। अउ आज घलो रइपुर ले 45 कि.मी दूरिहा जिला गरियाबंद म भगवान बिस्नु राजिम लोचन के रूप म विराजमान हे।

छत्तीसगढ़ म पंचकोसी यातरा के बड़का महत्तम हे उहि म चंपेस्वर, फिंगेस्वर,ब्रह्मकेस्वर,कोपरेस्वर अउ संगे संग कुलेस्वर नाथ मंदिर राजिम घलो आथे। राजिम म भगवान सिवसंकर अउ विष्णु दूनो एक दूसर के दरसन करत रहिथे। कहिथे कि भगवान राम ह दसरथ के अंतिम संस्कार इहि तिरबेनी संगम म करे रहिन इहि पाए के राजिम म ये बड़का संस्कार घलो होथे। माघी पुन्नी ले महासिवरात्रि तक राजिम म पुन्नी मेला के आयोजन होथे वोकरे संगे संग राजिम म 7 जनवरी के माता राजिम के जयंती के बेरा म साहू समाज माता राजिम के बड़का उत्सव मनाथे, तैलिक कुल देवती होये के सेती राजिम माता के नांव भक्त माता करमा, दानवीर भामासाह, केसकाल के तेलिन सती, भानेश्वरी माता संग बड़ सम्मान से ले जाथे।

# नीतीश का शह-मात का खेल

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोकसभा चुनाव से पहले अपना बड़ा दांव चल दिया है। पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह की जगह जब नीतीश कुमार ने खुद राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने का फैसला किया तो मीडिया में जो विमर्श बना वह एकतरफा था। हर जगह यह माना और कहा गया कि अब नीतीश कुमार ने फिर से भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए में लौटने का फैसला कर लिया है और इसलिए राजद समर्थक दिख रहे राष्ट्रीय अध्यक्ष को हटा दिया है। इस विश्लेषण में कुछ भी गलत नहीं है। लेकिन इस पूरे प्रयोग को दूसरे पहलुओं से भी देखने की जरुरत है। दूसरे पहलुओं में बिहार की जमीनी राजनीति में नीतीश की पार्टी की हैसियत, उनके वोट आधार और सामाजिक समीकरण पर खास तौर से ध्यान देने की जरुरत है। ध्यान रहे नीतीश की पार्टी पिछले 20 साल में सबसे कमजोर स्थिति में है। लगातार दो विधानसभा चुनावों में उनकी पार्टी की सीटें कम हुई हैं और कुछ घटनाएं ऐसी हुई हैं, जिनसे उनकी मानसिक सेहत को लेकर सवाल उठे हैं। तभी उन्होंने राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में एक दांव से नया विमर्श गढ़ने और अपने समर्थक मतदाताओं को सकारात्मक संदेश देने का प्रयास किया है।

इसमें कोई संदेह नहीं है कि विधायकों की संख्या के लिहाज से जनता दल यू तीसरे नंबर की पार्टी है। लेकिन वह इसलिए है क्योंकि पिछले विधानसभा चुनाव में साथ होने के बावजूद भाजपा ने जनता दल यू को कमजोर करने की परोक्ष राजनीति की थी। भाजपा की शह पर चिराग पासवान ने नीतीश को खत्म करने का बीड़ा उठाया था और उनके हिस्से की हर सीट पर अपना उम्मीदवार उतारा था। भाजपा की ओर से बार बार कहा जाता है कि चिराग ने यह काम अपनी मर्जी से किया था। लेकिन हकीकत सबको पता है। भाजपा के कई दिग्गज नेता 2020 में चिराग की पार्टी की टिकट पर लड़े थे और बाद में भाजपा में लौट गए थे। सोचें, 2019 में भाजपा, जदयू और लोजपा का परफेक्ट गठबंधन था। तीनों ने मिल कर 40 में से 39 लोकसभा सीटें जीती थीं तो 2020 में ऐसा क्या हो गया कि चिराग अलग लड़ने चले गए और नीतीश को खत्म करने का संकल्प कर लिया? वह भी तब जब उनके पिता रामविलास पासवान जीवित थे!

भाजपा के इस दांव के बावजूद संयोग ऐसा हुआ कि नीतीश खत्म नहीं हुए। उनकी पार्टी को 43 सीटें मिल गईं और विधानसभा की संरचना ऐसी बनी कि उनके बगैर किसी की सरकार नहीं बन सकती थी। चूंकि भाजपा उनके चेहरे पर चुनाव लड़ी थी इसलिए मजबूरी हो गई कि उनको सीएम बनाया जाए। लेकिन नीतीश ने गांठ बांधी ली थी भाजपा से बदला निकालने की। तभी भाजपा के साथ करीब दो साल सरकार चलाने के बाद वे मंडल की राजनीति को जिंदा करने के लिए राजद के साथ चले गए। उसके बाद से भाजपा ने उनको राजनीतिक रूप से कमजोर करने का दूसरा अभियान शुरू किया। इसके तहत उनके आधार वोट को तोड़ने का प्रयास हो रहा है। इससे पहले तक भाजपा लालू प्रसाद के आधार वोट में सेंध लगाने का प्रयास कर रही थी। लेकिन दूसरे चरण में उसने नीतीश को निशाना बनाया। इसके लिए कोईरी जाति के मजबूत नेता सम्राट चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया। ध्यान रहे नीतीश की राजनीति का कोर वोट आधार कोईरी-कुर्मी-धानुक का है। इसमें उन्होंने बड़ी होशियारी से अत्यंत पिछड़ी जातियों और महादलित को जोड़ा है और सामान्य वर्ग के सहयोग से एक मजबूत आधार तैयार किया है। सम्राट चौधरी को अध्यक्ष बनाने के बाद भाजपा ने उनकी जगह हरि सहनी को विधान परिषद में अपना नेता बनाया, जो अत्यंत पिछड़ी जाति से आते हैं और सामान्य वर्ग के विजय सिन्हा को विधानसभा में नेता विपक्ष बनाया। इस तरह भाजपा ने नीतीश के लव-कुश और अत्यंत पिछड़ा व सवर्ण के समीकरण की तरह अपना जातीय समीकरण तैयार किया।

**-अजीत द्विवेदी-**

## सपनों का गांव

ढूंढें कहाँ उस रंग-बिरंगे
हरे-भरे गांव को
जो रोज़ सपनों में नज़र आता है
नींद में तो दिखता है
वैसा ही चमकता सुंदर
आंख खुलते ही गायब हो जाता है
अकेला हो गया है बहुत दिन से
लगता है जैसे हर रोज़ है पुकारता
उदास सा रहता है
अब किसी की याद में
आने की राह हो
जैसे किसी की निहारता
कभी अट्टहास होता था जहां
नौजवानों की जहां गुजरती थी टोलियां
कहने को गरीब थे यहां रहने वाले
प्यार से भरी रहती थी उनकी झोलियाँ
उम्मीद है उसको अभी भी कोई आएगा
उजड़े हुए इस चमन को
फिर कोई सजायेगा
इसी उम्मीद में करता रहता है इतंज़ार
वही गीत आकर
कोई फिर से गुनगुनायेगा
रिश्तों की क्यारी में
उगते थे रंग विरंगे फूल
बच्चों नौजवानों के
मुख से रिश्ते थे पुकारते
रिश्ते का नाम लेकर कोई तो बुलायेगा
इसी उम्मीद में
एक दूसरे का मुंह हैं निहारते
सपनों को पूरा करने
जो चले गए कहीं दूर
लौटेंगे एक दिन फिर होकर मजबूर
कुछ नहीं मिलेगा
उन्हें मैं ही याद आऊंगा
करूंगा इंतज़ार मैं
वो आएगा एक दिन ज़रूर



**रवींद्र कुमार शर्मा**
घुमारवीं
बिलासपुर
हिमाचलप्रदेश

## तस्वीर में...

अप्रैल की दोपहरी देखा तुम्हें
तस्वीर में...उतार ली सांवली रूप
मन को भा गई,हृदय में समा गई
तुमसे मिलकर जब घर लौटा
कई दिन तक,तुम्हें समझने की
कोशिश हुआ
बीत गए कई माह
तुम यादों में बसी रही
अंतिम निर्णय हुई !
दांपत्य जीवन में बंध गए
कैसे गुजरा जीवन के पंद्रह बसंत
खुशी के
तुम मेरे जीवन के नव गाथाएं बन गई
सुबह का सूरज ,
सांझ का दीपक बनकर
अपने जीवन के
अनुभवों से मुझे स्वीकार कर
मेरे जीवन में नव सुबह गढ़े
तुम्हें हृदय से बधाई ,
हे !संगिनी सांवली तुलसी
यह नया वर्ष की
जन्मोत्सव की बधाई तुम्हें ...



**लक्ष्मी नारायण लहरे साहिल**
कोसीर सारंगढ़
छत्तीसगढ़

## शून्य से शिखर तक जाना है मुझको

राह कितना भी कठिन क्यों न हो,
मंजिल की ओर बढ़ता है मुझको,
लक्ष्य को हासिल करना है मुझको,
शून्य से शिखर तक जाना है मुझको।
आज हार गए तो कोई गम नही,
फिर से कोशिश करना है मुझको,
जीत का परचम लहराना है मुझको,
शून्य से शिखर तक जाना है मुझको।
जीवन में कैसे भी परिस्थितियों आए,
इन परिस्थितियों से लड़ना है मुझको,
अपने सपने को सच करना है मुझको,
शून्य से शिखर तक जाना है मुझको।
राह में चाहे हजारों लाखो
कांटे बिछे हो,
कांटों को पारकर निकलना है मुझको,
पुष्प की आशा छोड़ बढ़ना है मुझको,
शून्य से शिखर तक जाना है मुझको।
जीवन में कोई कार्य असंभव हो तो,
इसे संभव करके दिखाना है मुझको,
सफलता की सीढ़ी चढ़ना है मुझको,
शून्य से शिखर तक जाना है मुझको।



**श्याम सुंदर साहू**
राजिम
गरियाबंद
छत्तीसगढ़

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

## बाल कहानी

# मैकू और मोलिना

ओह गॉड ! तो तुम घर पर ही हो। मैंने तुम्हें कहाँ-कहाँ नहीं ढूँढा,और तुम घर में घुसी हुई हो। वाह ! बगल में छोरा गाँव भर



**प्रिया देवांगन प्रियू**
राजिम
गरियाबंद
छत्तीसगढ़

ढिंढोरा। मैकू मुर्गा अपनी गर्लफ्रेंड मोलिना मुर्गी को अपनी चोंच से पुचकारते हुए बोला। मोलिना एकदम चुप थी ।

क्या हुआ मोलिना डार्लिंग, कुछ तो बोलो। चलो न घूमने चलते हैं। मोलिना की चुप्पी मैकू से रहा नहीं गया; आखिर मैकू रोमांटिक मूड में जो था।

मोलिना चिड़चिड़ाती हुई बोली-अरे यार मैकू मैं यहाँ बहुत परेशान हूँ; और तुम्हें रोमांस की पड़ी है।

क्यों, क्या हुआ मोलिना ? मैकू मोलिना के और करीब गया।

मैकू, मुझे बहुत घबराहट महसूस हो रही है। पता नहीं, क्या होने वाला है ? कहते-कहते मोलिना फिर चुप हो गयी।

तुम क्या बोल रही हो मोलिना, मुझे कुछ भी समझ में नहीं आ रहा है ? अब चलो आज हमें जंगल जाना है। जल्दी से समान पैक करो। हमें देर हो रही है। मैकू बोला।

हाँ..हाँ..चलो। मोलिना समान पैक करने में लग गयी। फिर दोनों जंगल को रवाना हुए।

मैकू और मोलिना कबूतर, कोयल, मोर व अपने अन्य वन्य पक्षियों से मिले। वे सभी इस बात से खुश थे कि इस बार नव वर्ष के दिन मैकू और मोलिना की शादी होगी। खुशी दुगुनी होने वाली है। हिनू टिटहरी आँखें मटकाती हुई बोली।

हाँ...हाँ.... क्यों नहीं, हमारे मैकू और मोलिना की जोड़ी तो स्वर्ग से बन कर आई है। मोलिना को छेड़ते हुए सभी पक्षियाँ हँसने लगे।


फिर भक्कू कठफोड़वा ने अपनी बात रखी कि जब तक मैकू और मोलिना की शादी नहीं हो जाती, तब तक हम सभी साथ में रहेंगे। कोई जंगल से बाहर नहीं जायेगा। सब ने भक्कू की बात पर हामी भरी।

तीस दिसंबर की रात आई। सब को पता चल गया कि दो आदमी जंगल में घुस कर एक बैकू बटेर का अपहरण कर लिया। दूसरे दिन पूरे जंगल में सन्नाटा छा गया। पर आदमियों की इस हरकत से जानवरों का खून भी खौल उठा। मोलिना मैकू से बोली- ÷तुम उस दिन पूछ रहे थे न कि मैं क्यों घबराई हुई थी। बस यही कारण है कि आज बैकू बटेर गायब हो गया; और अब पता नहीं कल किसकी बारी है। मोलिना की बात से सभी सहमत थे। बोले-मोलिना बिल्कुल सच कह रही है। कल कहीं हमारी बारी तो नहीं ? ये आदमी भी कितने बेरहम होते हैं न। अपनी खुशियों के लिए हमें मार कर खा जाते हैं, मानो सिर्फ इन्ही लोगों के लिए ही नव वर्ष आता हैं। लगता है, हम कुछ भी नहीं हैं इनके लिए। मोलिना सुबक ही रही थी- मैकू हमारी शादी को सिर्फ एक दिन बचा है, पता नहीं मैं कल रहूँगी या नहीं। मुझे तुमसे अलग नहीं होना है। मैं तुमसे बहुत प्रेम करती हूँ मैकू। मोलिना मैकू से लिपट गई। सभी पक्षियों की आँखें भर आई। मीनू मैना ने ढाँढस बँधाते हुए मोलिना को समझाने लगी- नहीं मोलिना, ऐसा कुछ भी नहीं होगा। हम सब साथ हैं तुम दोनों के। तुम दोनों की शादी धूमधाम से होगी। इस बार ये आदमी कुछ नहीं बिगाड़ पाएँगे, क्यों साथियों सच हैं ना...?

हाँ..हाँ...बिल्कुल। चलो अब शादी की तैयारी करते हैं। सभी पक्षी अपने-अपने काम पर लग गये।

मोलिना अपनी जाति के पक्षियों में सबसे सुंदर थी ही। इसलिए सभी के मन में डर बैठ गया कि कहीं आदमियों की नजर उस पर न पड़ जाए। इसी चिंता में इकतीस दिसंबर की रात कोई सो नहीं पाया।

दूसरे दिन सुबह बिन्नी गिद्ध और उसके साथी वहाँ पहुँचे। बिन्नी बोला-अरे...इतना सन्नाटा क्यों हैं भाई ? आज तो मैकू और मोलिना की शादी है ना। गीत-संगीत कुछ भी नहीं हो रहा है। नाचङ्गाना है कि नहीं....? पंकू पंडूक ने बिन्नी को सारी बातें बताई। बिन्नी बोला- बस इतनी सी बात पर तुम सब डर गए ? तुम में साहस नहीं है क्या ? मैकू और मोलिना हमारे परिवार का हिस्सा हैं। इनकी रक्षा करना हमारा फर्ज है। इस बार हम नव वर्ष मनाएँगे। इन दोनों की शादी भी होगी। पार्टी का भी आयोजन होगा। तुम लोग चिंता मत करो। मैं आप सबको



आश्वस्त करता हूँ कि मेरे साथी आप सब की रक्षा करेंगे। आदमी हमारी खुशी और एकता नहीं डिगा सकेंगे। इस बार तो आदमियों को मजा चखाना ही होगा। याद दिलाना ही पड़ेगा कि नव वर्ष और खुशियाँ सिर्फ उनके ही लिए नहीं आते। अगर उनके परिवार उनसे अलग होंगे तो कैसा लगता है, महसूस तो कराना ही पड़ेगा।÷ बिन्नी गिद्ध की बातें सुन पक्षियों में खुशी का ठिकाना ही न रहा। वे झूमने लगे। शादी की तैयारी जोर पकड़ने लगी।

फिर बिन्नी और उनके साथियों ने आदमियों को सबक सिखाने के लिए कमर कस ली। तभी उन्होंने चार-पाँच आदमियों को जंगल की ओर आते हुए देख भी लिया। घात लगाये बैठे बिन्नी अपने साथियों सहित जंगल में घुसने से पहले ही उन पर टूट पड़े। हमला इतना जबरदस्त था कि उन्होंने आदमियों का कचूमर निकाल दिया। आज बिन्नी और उनके साथियों ने आदमियों को अवगत करा दिया कि पक्षियों में भी कितनी एकता व प्रेम होता है। अपने दम पर जीने की औकात रखते हैं।

मैकू और मोलिना की शादी सम्पन्न हुई। सारे पक्षियों ने खूब इन्जवॉय किया।

## बाल कहानी

# बड़प्पन

उमरादाह वन में चुनाव सम्पन्न हुआ। इस बार अरण्य ध्वज पार्टी को बहुमत प्राप्त हुआ। पिछले तीन वर्षों से सत्ता में रह रही पार्टी



**टीकेश्वर सिन्हा गब्दीवाला**
घोटिया-
बालोद
छत्तीसगढ़

कानन स्वराज दल को पराजय का मुँह देखना पड़ा। विजयी पार्टी प्रमुख गजेश हाथी के उमरादाह वन के नये मुख्यमंत्री बनने की सम्भावना बहुत ज्यादा थी। कुछ दिनों पश्चात सबका कयास सच निकला। गजेश जी के नये मुख्यमंत्री बनने पर सारा जंगल फुला नहीं समा रहा था।

राज्यपाल जबर जेब्रा ने गजराज गजेश जी को मुख्यमंत्री की शपथ दिलवाई। फिर सत्ता में आई अरण्य ध्वज पार्टी ने अपने मंत्रिमंडल का गठन किया। चतुरा लोमड़ ने गृहमंत्री का पद सम्भाला। कैमल ऊँटनी को वित्तीय प्रभार दिया गया। हिन्नी हिरणी विदेशमंत्री बने। शेरसिंह को रक्षामंत्री बनाया गया। लल्लन लकड़बग्घा को स्वास्थ्य प्रभाग मिला। खग्गू खरगोश शिक्षामंत्री का पद पाकर संतुष्ट व खुश था। इसी तरह बिट्टू बंदर, भालू भल्ला, भैरव भेड़िया, सिंघू बारहसिंघा, जैरी जिराफ जैसे अन्य वन्यपशु मंत्रिमंडल में शामिल हुए।

अरण्य ध्वज पार्टी की सरकार बने लगभग दो साल पूरे हो गये। मंत्रीगण मुख्यमंत्री गजेश जी के आदेशों का सहर्ष पालन करते थे। गजेश जी के सरल-सहज व्यवहार मिलनसारिता सबको पसंद थी। वे समस्त वन्य पशुओं का ख्याल तो रखते ही थे; साथ ही अपने मंत्रियों के भी बड़े हितैषी थे। अतएव समस्त वन्यपशुओं के हृदय में उनका एकछत्र राज्य था।

एक बार की बात है। ठण्ड का मौसम था। उमरादाह वन कड़ाके की ठण्ड के चपेट में आ गया। चूँकि वन के दक्षिण दिशा में सिवनी नामक नदी बहती थी; सो नदी से उठने वाली ठण्डी हवाओं की वजह से आसपास के क्षेत्रों में बहुत ही ज्यादा ठण्ड पड़ने लगी। वैसे वह क्षेत्र मूलतः खरगोशों का ही निवास स्थान था। वह स्थान उन्हें भा गया था, क्योंकि नदी किनारे उगने वाली घास दूब खरगोशों का मनपसंद भोजन था। वे वहाँ बहुत खुश थे। पर इस बार देह कँपकँपाने वाली सर्द हवाएँ खरगोशों के लिए जानलेवा साबित होने लगी थी। वे बीमार पड़ने लगे। उनकी स्थिति बद से बदत्तर होने लगी। इस तरह उमरादाह वन का समूचा दक्षिणी क्षेत्र निमोनिया के चपेट में आ गया। यह खबर देखते ही देखते पूरे उमरादाह वन में जंगल की आग की तरह फैल गयी।

दक्षिणी क्षेत्र के खरगोशों में फैली निमोनिया बीमारी का समाचार स्वास्थ्य विभाग को पता चला। अब इस बात की भनक स्वास्थ्य मंत्री लल्लन लकड़बग्घा को भी लग गयी। फिर वे तुरंत अपने सहयोगी व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी के साथ वन के दक्षिणी क्षेत्र की ओर रवाना हुए। पूरी स्वास्थ्य टीम शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र-गुरूर पहुँची।

स्वास्थ्य मंत्री लल्लन जी सीधे रैबिट वार्ड पहुँचे। सभी बीमार खरगोशों की स्वास्थ्य सम्बंधी जानकारी लेने लगे। जैसे ही वे एक बूढ़े खरगोश का हालचाल जानने के बाद आगे बढ़ रहे थे कि उन्हें एक युवा खरगोश राशु की रोने की आवाज सुनाई दी। लल्लन जी ने उनके पास जाकर रोने का कारण पूछा, तब राशु खरगोश ने बताया- मुझे बचा लो मंत्री साहब। मैं मरना नहीं चाहता। घर में मेरे छोटे-छोटे बच्चे हैं। उनकी माँ नहीं है। अगर मैं भी चला गया तो वे अनाथ हो जाएँगे। लल्लन जी ढाँढस बँधाते हुए बोले- घबराइए मत भैया। आप ठीक हो जाएँगे। देखिए न, ये बड़े-बड़े डॉक्टर आप लोगों के ट्रीटमेंट में लगे हुए हैं। पूरी स्वास्थ्य टीम लगी हुई है। यहाँ किसी को भी कुछ नहीं होगा। राशु जी, ये शारीरिक अस्वस्थता नदी की बाढ़ की तरह होती है। आती है तो अचानक और बड़ी तेजी से; और यह उतरती धीरे, पर उतरती जरूर है। इसलिए बिल्कुल निश्चिंत रहिए। सब ठीक होगा।÷

लल्लन जी पूरे रैबिट वार्ड की ओर अपनी नजर दौड़ाने लगे। उन्होंने देखा कि सभी डॉक्टर, नर्स व अन्य कर्मचारी इलाज में लगे हुए हैं। वे आगे बढ़ ही रहे थे, तभी उन्होंने देखा कि एक माँ अपने शरीर से अपने बच्चे को ढँक रही है। कभी वह उसे जीभ से चाटती, तो कभी अपनी पूँछ से सहलाती। लल्लन जी ने खरगोश माँ से पूछा- क्या नाम है बहनजी आपका ?

गिशी। माँ खरगोश उठकर बैठी।

और इस छोटू का लल्लन जी ने उसके बच्चे पर बड़े प्यार से उंगलियाँ चलाई।

खगेश। गिशी खरगोश ने मुस्कुराते हुए कहा।

क्या हुआ है इसे ? लल्लन जी ने बच्चे के बारे में जानना चाहा।

बहुत सर्दी है इसे। गिशी खगेश के कान को अपनी पूँछ से ढँकती हुई बोली।

फिर लल्लन जी बोले- बिल्कुल चिंता मत करना बहन। तुम्हारा खगेश जल्दी ठीक हो जाएगा। यहाँ से आप दोनों माँ-बेटे हँसते-मुस्कुराते हुए अपने घर जाएँगे। फिर लल्लन जी रैबिट वार्ड के मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य की कामना करते हुए लकड़बग्घा वार्ड की ओर गये।

लल्लन जी के लकड़बग्घा वार्ड पहुँचते ही डॉ. लक्की लकड़बग्घा ने उन्हें अकेले में उम्रदराज लालू लकड़बग्घा के बारे में बताया कि इस पर उम्र का असर है। यह दो-तीन बीमारियों से पीड़ित है। डॉ. लक्की कुछ और बता ही रहे थे कि लल्लन जी ने पूछा- फिलहाल इनका इलाज कैसे किया जा सकता है ?

डॉ. लक्की बोले- इनके कुछ अंग ठीक से काम भी नहीं कर रहे हैं। फिलहाल तो इन्हें खून की जरूरत है। इनके शरीर में बहुत ही कम खून रह गया है, और अपने पास ब्लड बैंक में इनके ब्लडग्रूप का खून भी उपलब्ध नहीं है। ब्लड डोनेट करने वाले भी नहीं है। खून की व्यवस्था नहीं हुई तो इनकी जान को खतरा है।

डॉ. लक्की के बात खत्म होते ही लल्लन जी ने लालू लकड़बग्घे की ओर देखा। बोले- ÷डॉक्टर लक्की जी, मैं दूँगा लालू जी को खून। आप मेरा खून टेस्ट कर लीजिए। प्लीज़। हरि-अप। स्वास्थ्य मंत्री लल्लन जी की बातें सुनकर वार्ड में उपस्थित सभी लकड़बग्घों के चेहरे पर मुस्कान पसर गयी।

# पश्चिम एशिया धूं-धूंकर जलेगा ?

मामला भड़का सात अक्टूबर को। अचानक वह हुआ जिसकी कल्पना नहीं सालों की खुन्नस, उत्पीड़न, आतंक और भय की एक दिन इजराइल को कीमत अदा करनी पड़ी। तब से पश्चिम एसिया की हवा में बारूद की गंध घुली हुई है। हमास के आंतकी हमले के बाद से इजराइल बड़े पैमाने पर लगातार बदले की कार्यवाही कर रहा है। नतीजतन पूरे पश्चिम एसिया में अशांति है।और विश्लेषक, चिंतक, कूटनीतिज्ञ, सैन्य अधिकारी सभी भविष्यवाणी कर रहे हैं कि आगे यह क्षेत्र और धूं-धूं करके जलेगा। गाजा पर ताबड़तोड़ हमले करके इजराइल ने उसे राख के ढ़ेर में बदल दिया है। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार वहां 22,000 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और संयुक्त राष्ट्रसंघ के अनुसार 19 लाख लोग विस्थापित हैं। मंगलवार को लेबनान के एक शीर्षस्थ नेता की हत्या हुई। और अगले ही दिन ईरान में हुए दो रहस्यपूर्ण विस्फोटों में कई लोग मारे गए। इससे पश्चिम एसिया एक क्षेत्रीय युद्ध के कगार पर पहुंचा है जिसमें सभी पक्ष घसीटते हुए हैं। सभी देशों पर खतरा मंडरा रहा है।

पिछले तीन महीनों से हिज़्बुल्लाह और इजराइल एक दूसरे पर ज्यादा और ज्यादा मिसाईलें दाग रहे हैं, हवाई हमले कर रहे हैं और तोप के गोले छोड़ रहे हैं। लेकिन दोनों पक्षों ने अपनी कार्यवाही को एक सीमा के आगे नहीं बढ़ने दिया है। लेकिन 7 अक्टूबर के बाद से इजरायली जनता और नेताओं की यह धारणा बलवती होती जा रही है कि हिज़्बुल्लाह द्वारा उत्पन्न खतरे से निपटना ही होगा। इस बीच हिज़्बुल्लाह के नेता हसन नसरल्ला ने चेतावनी दी थी कि लेबनान की भूमि पर हुए किसी भी कत्ल का 'मुंहतोड़ जवाब' दिया जाएगा। हमास के नेता की हत्या के बाद बुधवार को उन्होंने कहा कि हिज़्बुल्लाह 'चुप नहीं बैठेगा'। हालांकि यह माना जा रहा है कि हिज़्बुल्लाह तुरंत बदले की कोई बड़ी कार्यवाही नहीं करेगा और इजराइल के अधिकांश सैन्य संसाधनों के गाजा पर हमलों में खलास होने और नतीजे में पश्चिम एसिया कीअरब जनता में व्यापक आक्रोश उत्पन्न होने का इंतजार करेगा। वह अपने हथियारों के भंडार सुरक्षित रखना चाहेगा और लड़ाई का बोझ हमास और यमन के हूती लड़ाकों पर छोड़ देगा। लेकिन ईरान में हुए विस्फोटों के कुछ ही घंटों बाद अमरीका और उसके 12 मित्र राष्ट्रों ने यमन के हूतियों को एक लिखित चेतावनी जारी की है। हूति लगभग प्रतिदिन मिसाइलों,ड्रोनों और नौकाओं से व्यापारिक जहाजों पर हमले कर रहे हैं। अब तक अमेरिका हूतियों पर जवाबी हमला करने से कतराता रहा है, बहुत हद तक इसलिए क्योंकि वह यमन में चल रहे गृहयुद्ध में हुए एक नाजुक संघर्ष विराम को नुकसान पहुंचाना नहीं चाहता। लेकिन अब बाइडन प्रशासन के अधिकारियों ने संकेत दिए हैं कि उनका धैर्य समाप्त हो रहा है। रविवार को अमेरिकी सेना ने कहा कि जब वे एक कंटेनर जहाज की मदद कर रहे थे, तब उन पर हूती लड़ाकों ने हमला किया। बाद में हैलीकाप्टरों के जरिए किए गए हवाई हमले में ये लड़ाके मारे गए। ऐसी खबरें हैं कि अमेरिका और ब्रिटेन यमन में हूतियों के अड्डों पर हमला करने पर विचार कर रहे हैं।

ईरान के पूर्व सैन्य जनरल कासिम सुलेमानी की कब्र पर ईरान के केरमान में हुए विस्फोटों ने स्थिति को और बिगाड़ा है। ईरान ने बिना देरी किए इन विस्फोटों के लिए इजराइल को जिम्मेदार बता दिया है। वहीं यूरोपीय और अमरीकी अधिकारियों का कहना है कि उन्हें नहीं लगता कि इनमें इजराइल का हाथ है। अब तक ईरान के खिलाफ इजरायली कार्यवाहियां सीमित लक्ष्य हासिल करने के लिए की गई हैं। चाहे वह ईरान के परमाणु कार्यक्रम के मुख्य आर्किटेक्ट की हत्या हो या उसके परमाणु और मिसाइल अड्डों को तहस-नहस करना हो।

**-श्रुति व्यास-**

# वित्त मंत्री के रूप में रवांडा योजना को लेकर आश्वस्त नहीं थे ऋषि सुनक,रिपोर्ट में खुलासा



**लंदन,06 जनवरी 2024।** प्रधानमंत्री ऋषि सुनक अवैध प्रवासियों को रवांडा भेजने को लेकर पूरी तरह आश्वस्त नहीं थे। जबकि, उनके शरण चाहने के दावों का आकलन वित्त मंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान ही किया गया था। ब्रिटेन की एक मीडिया रिपोर्ट में शनिवार को यह दावा किया गया।

रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रधानमंत्री के रूप में इस योजना का समर्थन कर रहे सुनक को बोरिस जॉनसन की कैबिनेट में वित्त मंत्री रहते हुए इस नीति पर काफी संदेह था। इसमें आगे कहा गया है कि दस्तावेजों से पता चलता है कि सुनक पूर्वी अफ्रीकी देश में शरण चाहने वालों को भेजने की लागत के बारे में चिंतित थे और शुरू में संख्या को सीमित करना चाहते थे।

सुनक के एक करीबी सूत्र ने बीबीसी को बताया,प्रधानमंत्री हमेशा इस योजना के सिद्धांत के साथ पूरी तरह से जुड़े रहे। वित्त मंत्री के रूप में यह सुनिश्चित करना उनका काम था कि इसे पूरा किया जाए और करदाताओं के पैसे को उचित रूप से खर्च किया जाए।

सुनक अप्रैल 2022 में वित्त मंत्री के रूप में रवांडा नीति की पहली बार घोषणा के समय 11 डाउनिंग स्ट्रीट में थे। रवांडा के साथ समझौता तब से कानूनी चुनौतियों में फंस गया है। अब तक किसी भी शरण चाहने वाले को ब्रिटेन से रवांडा नहीं भेजा गया है। उन्होंने अक्तूबर 2022 में 10 डाउनिंग स्ट्रीट में प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभाला है।

हालांकि,सुनक ने जोर देकर कहा है कि यह योजना ब्रिटेन में अवैध प्रवास से निपटने के लिए उनकी रणनीति का एक प्रमुख स्तंभ है। उनका कहना है कि यह योजना इंग्लिश चैनल के पार छोटी नौकाओं में खतरनाक यात्रा करने के बाद देश के तटों पर उतरने वाले हजारों लोगों को रोकने का काम करेगी। अब, बीबीसी के खुलासे से संकेत मिला है कि जब यह योजना पहली बार पेश की गई थी तो सुनक पूरी तरह से इसके पीछे नहीं थे।

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि दस्तावेज मार्च 2022 में 10 डाउनिंग स्ट्रीट में तैयार किए गए थे। पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन अपने वित्त मंत्री सुनक को योजना के लिए अधिक धन पर हस्ताक्षर करने के लिए मनाने की कोशिश कर रहे थे। यह रवांडा सरकार के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए जाने से कुछ समय पहले की बात है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, सुनक शरण चाहने वालों को अफ्रीकी देश में भेजने की लागत के बारे में चिंतित थे और शुरू में संख्या को सीमित करना चाहते थे।




## टेक ऑफ के बाद विमान की खिड़की उड़ी, सामने दिखने लगी मौत; अलास्का के विमान में सवार यात्री ने बताया अनुभव

**वॉशिंगटन, 06 जनवरी 2024।** अमेरिका में अलास्का एयरलाइंस में सवार 177 यात्रियों की जान बाल-बाल बची। विमान का विंडो पैनल फ्लाइट टेकऑफ होने के बाद अचानक उड़ गया। यात्रियों से मिली शिकायत के बाद विमान की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। बड़ा हादसा टलने के बारे में विमान में सवार यात्री ने बताया कि उसे खिड़की उड़ने पर ऐसा एहसास हुआ कि उसकी मौत होने वाली है। इस मामले में फेडरल एविएशन प्रशासन (FAA) ने भी बयान जारी किया। इसके मुताबिक अलास्का एयरलाइंस के विमान संख्या- 1282 की परेशानी दूर होने के बाद पोर्टलैंड एयरपोर्ट से शाम लगभग पांच बजे फ्लाइट को दोबारा रवाना किया गया।

इमरजेंसी लैंडिंग के बारे में विमान में सवार यात्री ने बताया कि उसे खिड़की उड़ने पर ऐसा एहसास हुआ कि उसकी मौत होने वाली है। यात्री से मिली शिकायत के बाद चालक दल ने विमान के केबिन में दबाव की सूचना दी। ओरेगन में पोर्टलैंड इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर फ्लाइट को सुरक्षित लैंड कराया गया। अलास्का एयरलाइंस की फ्लाइट संख्या 1282 से जुड़ी खबरों में कहा गया है कि खिड़की उड़ने के बाद आपातकालीन ऑक्सीजन मास्क सीटों के ऊपर लटके देखे जा सकते हैं।

सोशल मीडिया पर शेयर की जा रही तस्वीरों में देखा जा सकता है कि विमान की खिड़की का पैनल गायब है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक इस फ्लाइट से यात्रा कर रहे यात्री काइल रिंकर ने बताया कि जब विंडो पैनल अचानक उड़ा उस समय विमान धरती से काफी ऊंचाई पर था। सीटों के ऊपर लगे ऑक्सीजन मास्क खुद-ब-खुद नीचे आ गए, तब इसका पता लगा। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक विमान संख्या 1282 में सवाल महिला यात्री वी गुयेन ने कहा, उड़ान के दौरान अचानक हुई तेज आवाज के कारण उनकी नींद खुल गई। उन्हें अपनी आंखों के आगे ऑक्सीजन मास्क दिखा। बाई तरफ देखने पर उन्हें विंडो पैनल गायब दिखा। उन्होंने कहा, ऐसे हालात में उन्हें मौत सामने दिखने लगी। ऐसा लगा जैसे वह मरने वाली हैं।

हादसे के बाद अमेरिका के राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड, FAA और अलास्का एयरलाइंस ने कहा कि हादसे के कारणों की पड़ताल की जा रही है। अलास्का की तरफ से जारी बयान के मुताबिक 171 यात्रियों और चालक दल के 6 सदस्यों के साथ पोर्टलैंड एयरपोर्ट पर विमान की सुरक्षित लैंडिंग कराई गई। कंपनी के मुताबिक ऐस घटना दुर्लभ है। चालक दल को आपात स्थिति से निपटने का पूरा प्रशिक्षण दिया जाता है। उन्होंने हालात को बेहतर तरीके से नियंत्रित किया। इस मामले में समाचार एजेंसी एएफपी की रिपोर्ट के मुताबिक फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट- फ्लाइट अवेयर के मुताहिक बोइंग 737 मैक्स 9 विमान शाम 5.07 बजे कैलिफोर्निया के ओंटारियो के लिए रवाना हुआ था। हालांकि, केवल 20 मिनट की उड़ान के बाद फ्लाइट वापस एयरपोर्ट पर लौट आया।

## जापान में भूकंप से मरने वालों की संख्या 100 पहुंची,लापता लोगों की संख्या 211

**टोक्यो,06 जनवरी 2023।** जापान के इशिकावा प्रांत में नए साल के दिन आए सिलसिलेवार शक्तिशाली भूकंपों के बाद से कम से कम 100 लोगों की मौत हो गई है और 211 अन्य लापता हैं। अधिकारियों को और अधिक लोगों के हताहत होने की आशंका है। बचाव और खोज के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। सबसे ज्यादा प्रभावित वाजिमा शहर में शनिवार सुबह तक 59 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, इसमें ढही हुई इमारतों के मलबे में लगभग 100 लोगों के दबे होने की खबरें हैं।



आफ्टरशॉक अभी भी इस क्षेत्र को झटका दे रहे हैं, और जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) ने कहा कि शनिवार को सुबह 5.25 बजे इशकावा के नोटो प्रायद्वीप में 10 किमी की गहराई पर 5.4 तीव्रता का भूकंप आया। क्षेत्र में शनिवार को बारिश की संभावना के साथ, जेएमए ने स्थानीय निवासियों को संभावित भूस्खलन के प्रति सतर्क रहने की चेतावनी दी।

इशिकावा में बुनियादी ढांचे को गंभीर नुकसान हुआ है, लगभग 24,000 घरों को बिजली कटौती का सामना करना पड़ा और 14 शहरों और कस्बों में 66,000 घरों को पानी नहीं मिला। सोमवार को आए सबसे शक्तिशाली भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 7.6 मापी गई। वाजिमा से लगभग 30 किमी पूर्व-उत्तरपूर्व में केंद्रित विनाशकारी भूकंप की अधिकतम तीव्रता 7 दर्ज की गई।

## बांग्लादेश में चलती ट्रेन में आग लगने की जांच में जुटी CID,श्रीलंका में शुरू हुआ जल्लीकट्टू समारोह

**ढाका,06 जनवरी 2024 ।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका के गोपीबाग इलाके में पांच जनवरी की रात एक ट्रेन में उपद्रवियों ने आग लगा दी थी। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गए थे। इस मामले की जांच सीआईडी टीम और फोरेंसिक टीम साथ में कर रही है। दोनों सबूत इकठ्ठा करने में लगे हैं। वहीं, श्रीलंका में जल्लीकट्टू समारोह आज से शुरू हो गया है।

बता दें, घटना रात नौ बजकर पांच मिनट पर हुई थी। फायर सर्विस और सिविल डिफेंस कंट्रोल रूम के ड्यूटी ऑफिसर फरहादुज्जमान ने इस घटना की पुष्टि की थी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की सात गाड़ियां मौके पर पहुंच गई थीं।





**श्रीलंका का पहला जल्लीकट्टू समारोह आज शुरू**

श्रीलंका का पहला जल्लीकट्टू समारोह आज त्रिंकोमाली में शुरू हुआ। उम्मीद जताई जा रही है कि इस कार्यक्रम में 200 बैल भाग ले सकते हैं। सुरक्षा के लिए 100 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात हैं।

बता दें, कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्वी प्रांत के गवर्नर सेंथिल थोंडमन और मलेशियाई सांसद एम. सरवनन ने किया।

**बांग्लादेश में आम चुनाव से पहले मतदान केंद्रों में लगाई गई आग**

बांग्लादेश में सात जनवरी को होने वाली आम चुनाव से पहले शनिवार को मतदान केंद्र बनाए गए दो स्कूलों में अज्ञात लोगों ने आग लगा दी। शनिवार को चटगांव के पटेंगा ईपीजेड इलाके के निश्चिंत पारा सरकारी प्राथमिक विद्यालय में आग लगाई गई।

डिप्टी कमीश्नर शकीला सुल्ताना ने बताया कि हेडमास्टर के कमरे में आग लगा लगाई गई। उस कमरे में रखी गई नई किताबे जलकर राख हो गई। उन्होने कहा कि पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है। गाजीपुर शहर में मतदान केंद्र बनाए गए एक अन्य स्कूल में भी आग लगाई गई है।

अज्ञात लोगों ने पूर्वी चंदना सरकारी प्राथमिक विद्यालय के ऑफिस रूम में रखे अलमारी में आग लगा दी, जिससे वहां रखे सभी दस्तावेज जल गए। इस घटना के बाद मतदान केंद्र बनाए गए अन्य पांच स्कूलों में भी गुरुवार और शुक्रवार को आग लगाई गई थी।

## विपक्षी पार्टी बीएनपी ने रेल अग्निकांड को बताया सुनियोजित,संयुक्त राष्ट्र से जांच की मांग

**ढाका,06 जनवरी 2024।** बांग्लादेश की मुख्य विपक्षी पार्टी बीएनपी (बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी) ने बांग्लादेश में हुए रेल अग्निकांड को सुनियोजित करार दिया है और संयुक्त राष्ट्र की निगरानी में घटना की जांच की मांग की है। शुक्रवार को बांग्लादेश के बेनापोल इलाके में बेनापोल एक्सप्रेस के चार डिब्बों में आग लग गई थी। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई। बेनापोल की सीमा भारतीय राज्य पश्चिम बंगाल से लगती है। जब ट्रेन अपने गंतव्य पर पहुंचने ही वाली थी, तभी राजधानी ढाका के कमालपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में आग लग गई।

**विपक्ष ने की संयुक्त राष्ट्र की निगरानी में घटना की जांच की मांग**

बांग्लादेश के रेलवे अधिकारियों ने बताया कि ट्रेन में अधिकतर यात्री भारत से लौट रहे थे। घटना पर बांग्लादेश की मुख्य विपक्षी पार्टी बीएनपी के वरिष्ठ नेता रुहुल कबीर रिजवी ने चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि ट्रेन में कुछ उपद्रवियों द्वारा आग लगाने की घटना हृदयविदारक है। ट्रेन बेनापोल से ढाका जा रही थी। बीएनपी नेता ने आरोप लगाया कि यह एक सुनियोजित घटना थी। उन्होंने घटना को मानवता के खिलाफ निर्दयी प्रताड़ना बताया और घटना की जांच संयुक्त राष्ट्र की निगरानी में कराने की मांग की।

**पीएम शेख हसीना ने दिए घटना की जांच के निर्देश**



घटना पर बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने दुख जताया है और घटना में मारे गए लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना जाहिर की। घटना में घायल लोगों के तुरंत इलाज के निर्देश भी दिए गए हैं। साथ ही उन्होंने घटना की उच्चस्तरीय जांच करने के निर्देश दिए हैं। बांग्लादेश में रविवार को आम चुनाव होने हैं। इन चुनावों की निगरानी के लिए 100 से ज्यादा विदेशी पर्यवेक्षक ढाका पहुंच चुके हैं। पर्यवेक्षकों में तीन भारतीय भी शामिल हैं। अवामी लीग ने बीएनपी पर हिंसा फैलाने के आरोप लगाए हैं। शुक्रवार को खुलना में भी एक स्कूल में आग लगा दी गई थी। इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। हाल ही में एक पैसेंजर बस में भी आगजनी हुई थी।

बीएनपी ने शनिवार को ढाका के पालटन इलाके में सरकार के विरोध में रैली निकाली। बीएनपी का आरोप है कि बांग्लादेश में होने वाला चुनाव फर्जी है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि हम एक फर्जी चुनाव के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। वह हमारा वोटिंग का अधिकार छीन रहे हैं। यह चुनाव नहीं है। हम अपने वोटिंग अधिकार चाहते हैं। हम लोकतंत्र चाहते हैं। बांग्लादेश के लोग अपने मताधिकार और लोकतंत्र के लिए लड़ रहे हैं और हम जीतेंगे।

**विपक्ष के बहिष्कार के बीच रविवार को होगा बांग्लादेश में चुनाव**

उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश की मुख्य विपक्षी पार्टी बीएनपी समेत अन्य विपक्षी पार्टियों ने चुनाव के बहिष्कार का एलान किया है।

विपक्षी पार्टियों की मांग है कि चुनाव से पहले केयरटेकर सरकार का गठन किया जाए और उसकी देखरेख में निष्पक्षता से चुनाव होने चाहिए। हालांकि शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग पार्टी की सरकार ने विपक्ष की मांग को खारिज कर दिया है। ऐसे में बांग्लादेश चुनाव में हिंसा भड़कने की आशंका है और पूरी दुनिया की नजरें इस पर टिकी हैं। शुक्रवार को घटी घटना को भी इससे जोड़कर देखा जा रहा है।

## कलेक्टर ने विभिन्न विभागों की बैठक लेकर, अधिकारियों से महत्वपूर्ण बिंदुओं पर की चर्चा

**- संवाददाता -**
**सूरजपुर,06 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।**

नव पदस्थ कलेक्टर रोहित व्यास द्वारा आज विभिन्न विभाग की विभागीय समीक्षा बैठक रखी गई थी। जिसमें उन्होंने क्रमवार खाद्य/ जिला विपणन/नागरिक आपूर्ति निगम एवं राजस्व विभाग की बैठक ली। बैठक में विभागाध्यक्ष की उपस्थिति में विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई।



खाद्य, जिला विपणन एवं नागरिक आपूर्ति निगम की बैठक के अंतर्गत धान खरीदी, उठाव, कस्टम मिलिंग व भुगतान की समीक्षा, उचित मूल्य दुकान के संचालन की समीक्षा, विहीन उचित मूल्य दुकान की भवन जानकारी दी गई। इसके साथ ही कलेक्टर द्वारा उपस्थित संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये।

राजस्व विभाग द्वारा ई - कोर्ट में लंबित प्रकरणों की समीक्षा, समय-सीमा अंतर्गत विवादित, अविवादित नामान्तरण, बंटवारा, सीमांकन, व्यपवर्तन, वृक्ष कटाई अनुमति के प्रकरणों की समीक्षा, लंबित जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र की समीक्षा, कलेक्टर न्यायालय में प्रकरण एवं प्रतिवेदन हेतु लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गयी। बैठक में कलेक्टर ने राजस्व संबंधित संबंधित अधिकारियों को पारदर्शिता बरतने एवं लंबित प्रकरणों को नियमानुसार निराकरण करने के निर्देश दिये।

इस अवसर पर सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## माता राजमोहिनी देवी की सेवा भावना सबके लिए प्रेरणा स्त्रोतःश्रीमती राजवाड़े

**श्रीमती राजवाड़े ने माता राजममोहनी देवी मंदिर में पहुंचकर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया**






**- संवाददाता -**
**सूरजपुर,06 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।**

महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने माता राजमोहिनी देवी की पुण्यतिथि पर आज सूरजपुर में पद्मश्री माता राजमोहिनी देवी स्मृति चौक का लोकार्पण और उनकी प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने सूरजपुर जिले के ग्राम जुड़वानी पहुंचकर माता राजममोहनी देवी मंदिर में अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। पद्मश्री माता राजमोहिनी देवी स्मृति चौक लोकार्पण और प्रतिमा अनावरण समारोह में विशाल जनसमूह को सम्बोधित करते हुए श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि माता राजमोहिनी देवी ने अपना पूरा जीवन समाजसेवा में गुजारा था। उनकी सेवा भावना हम सबके लिए प्रेरणास्त्रोत है। माता राजमोहिनी देवी की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन है। इस अवसर पर प्रतापपुर विधायक शकुन्तला सिंह पोर्ते सहित अन्य जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

## पशुपालक पशु चिकित्सालय के कर्मचारियों के व्यवहार से हैं दुखी

**- संवाददाता -**
**प्रतापपुर,06 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।**

भाजपा सरकार के गठन के बाद सरकार की योजनाओं के लाभ के लिए आम जनता परेशान ना हो इसके लिए शासन की ओर से लगातार बयान व आदेश जारी हो रहा है ईसी कड़ी में प्रतापपुर पशु चिकित्सालय के अधिकारी वा कर्मचारियों के व्यवहार को लेकर पशुपालक खासे नाराज हैं पशुपालकों का कहना है कि जब हम अपने पशुओं का इलाज करवाने के लिए यहां पहुंचते हैं तो कर्मचारियों द्वारा दवाई व उपकरण नहीं होने का हीला हवाला दिया जाता है इसी कड़ी में ग्रामीण वा कई पशुपालक एजाज रंगसाज अपने बकरी का खुर कटवाने पशु चिकित्सालय गए हुए थे वहां के कर्मचारियों ने कहा कि जाकर आरी ब्लैड लेकर आओ हमारे पास कोई उपकरण नहीं है पशुपालक को करीब 2 घंटे तक वहीं बैठाया गया उसके बाद भी उनका काम नहीं हो पाया इस बात को लेकर पशुपालक एजाज रंगसाज अनुविभागीय अधिकारी राजस्व दीपिका नेताम को आवेदन पत्र देकर पशु चिकित्सालय में कार्यरत कर्मचारियों की शिकायत प्रस्तुत की है जिस पर अनुविभागीय अधिकारी ने कार्रवाई करने की बात कही है।

नहीं रहते डॉक्टर निवास पर नहीं करते ठीक से ड्यूटी ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की माने तो पशु चिकित्सकों की मनमानी से लोग त्रस्त है तथा बेहतर इलाज नहीं मिलने के कारण गाय बैल बकरी बकरा सहित कई जानवरों का मौत हो जा रहा है जहां पशु चिकित्सकों की घोर लापरवाही सामने आ रही है। जहां भाजपा सरकार बनते ही पूरे छत्तीसगढ़ में व्यवस्था को दुरुस्त करने सहित कई कब आयत पूरा किया जा रहे हैं वही गरीब ग्रामीण जनता को इसका लाभ नहीं मिलने के कारण काफी आक्रोश फैला हुआ है प्रशिक्षित डॉक्टर ना होने के कारण पशुओं का गंभीरता से इलाज भी इनके द्वारा नहीं किया जाता।

पशु चिकित्सा एवं सेवाएं विभाग के उप संचालक सूरजपुर ,डाक्टर नरेंद्र सिंह पैकरा द्वारा बताया गया कि आपके माध्यम से मुझे सूचना मिली है इस प्रकार का कृत्य सही नहीं है पशु चिकित्सकालयों में पर्याप्त मात्रा में दवाई उपकरण की व्यवस्था रहती है अगर ऐसी घटना है तो मैं इसकी जांच कराकर उचित कार्रवाई करूंगा, तथा प्रतापपुर के पशु चिकित्सकों का फेर बदल करवाता हूं।





# क्या पटना ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक पर कार्यवाही करने की बजाय क्षेत्रीय प्रबंधक मना रहे उनके साथ पार्टी?

### छुपते छुपते बैंक पहुंच रहे शाखा प्रबंधक और अपनी गलतियों के सबूत को मिटाने का कर रहे प्रयास और शिकायतकर्ताओं से शिकायत वापस लेने का बना रहे दबाव

पटना ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक आजकल छुपते छुपते बैंक पहुंच रहे हैं वहीं वह अपनी गलतियों पर पर्दा डालने में लगे हुए हैं। उनका सहयोग स्थानीय अनियमित कर्मचारी कर रहा है जिसके साथ वह शिकायतकर्ताओं के पास भी जा रहे हैं और शिकायत वापस लेने का दबाव डाल रहे हैं।वहीं वह अपनी गलतियों पर पर्दा डाल रहे हैं। शाखा प्रबंधक अपने आने जाने के लिए अपना वाहन भी उपयोग में नहीं ला रहे हैं वह अनियमित स्थानीय बैंक कर्मचारी की मदद लेकर बैंक छुपकर पहुंच रहे हैं। कुल मिलाकर वह अपनी करनी पर पर्दा डालने में लगे हैं अनियमित कर्मचारी के साथ मिलकर जो स्थानीय होने के कारण उनकी मदद कर रहा है और जिसे लेकर भी अब फिर शिकायत की तैयारी कर रहे हैं लोग।

### ब्रांच मैनेजर गौरवदीप पिछले दो दिनों से नहीं आये ब्रांच,कार्य हो रही बाधित

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक शाखा पटना के प्रबंधक गौरवदीप की मनमानी इस कदर बढ़ चली कि शिकायतों की एक लंबी फेहरिस्त हो गयी है। वहीं गुरूवार व शुक्रवार को बैंक मैनेजर गौरवदीप शीकायत के वजह से अपने ब्रांच नहीं आये सूत्रो के अनुसार वह अपने क्षेत्रीय कार्यालय में हाजिरी दे रहे थे। फिर अचानक क्या ऐसा हुआ कि उन्हें शनिवार को पटना ब्रांच में देखा गया कहीं उनके द्वारा किये गये कार्य में लिपापोती करने का समय तो नहीं दिया जा रहा है? यदि उनका स्थानांतरण हो गया है तो विभागीय आदेशानुसार वह दूसरे ब्रांच क्यों नहीं जाते? इनके कार्यकाल में लिये गये कार्य समय पर नहीं होने से कई व्यापारी प्रभावित हो रहे है वहीं ब्रांच मैनेजर के बिना पटना बैंक का काम बाधित हो रहा है। बैंक के जिम्मेदार उच्च अधिकारी को जल्द से जल्द शखा प्रबंधक की नियुक्ति करना चाहिऐ ऐसा ग्रामीणों में चर्चा है।

### शिकायती खबरों से बौखलाए शाखा प्रबंधक गौरवदीप

जानकारी के अनुसार बैंक प्रबंधक गौरवदीप के खिलाफ हो रहे शिकायत तथा उनके द्वारा किये गये कार्यो से परेशान लोगों ने बैंक के उच्चअधिकारीयों को कई शिकायत भेजी है। जिससे परेशान होकर बैंक प्रबंधक लगातार प्रभावशील व्यक्तियों से शीकायतकर्ता से सम्पर्क कर मामले में पटाक्षेप चाहने लगे है वहीं इनके कारनामों की खबर प्रकाषित होने पर भी यह बौखला गये है और लगातार पत्रकार पर खबर न लागाए जाने का दबाव बना रहे है।

### शिकायत पर जांच कर दोषी पर कार्यवाही करने के बजाए दोषी बैंक मैनेजर के साथ पार्टी करते नजर आये रिजनल मैनेजर

आये दिन बैंक मैनेजर गौरवदीप के नये-नये कारनामें खुर्खियां बटोर रही है। बैंक मैनेजर के खिलाफ कई शिकायतें इनके उच्च अधिकारीयों की गयी है। इन्हीं के रिजनल मैनेजर जो शिकायतों पर जांच कर अंकुष लगाने के लिये सक्षम अधिकारी है। पर पिछ्ले दो दिनों शाखा प्रबंधक को को क्षेत्रीय कार्यालय में बैठाये हुये है और जांच के नाम गुरूवार को जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर के एक नामी हॉटल में पार्टी करते नजर आये। सबसे आश्चर्य की बात तो तब रही की पार्टी समय पर ली तस्वीर वह अपने वाट्सअप प्रोफाईल में लगाये हुये है जिसमें शिकायतों मे फंसे बैंक प्रबंधक गौरवदीप के साथ नजर आ रहे है। सवाल यह उठता है कि क्या रिजनल मैनेजर नितिन चौधरी और ब्रांच मैनेजर गौरवदीप के दोस्ताना संबंध में रिजनल मैनेजर कार्यवाही कर सकेंगे। सूत्रों के अनुसार रिजनल मैनेजर ब्रांच मैनेजर के किये अनुचित कार्यों में पर्दा डाल सकते है और कार्यवाही को भी प्रभावित कर सकते है अब ऐसे में क्षेत्रीय प्रबंधक के भी कार्य पर सवाल उठने लगा है।

### क्या पटना ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक पर कार्यवाही करने की बजाय क्षेत्रीय प्रबंधक मना रहे उनके साथ पार्टी?

### क्या पटना ग्रामीण बैंक शाखा प्रबंधक की अनियमितता में सहयोगी हैं क्षेत्रीय छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक प्रबंधक?

### 3 दिन से पटना ग्रामीण बैंक बिना शाखा प्रबंधक के हो रहा संचालित

### क्षेत्रीय बैंक प्रबंधक पटना ग्रामीण बैंक प्रबंधन पर कार्यवाही करने के बजाय उनके साथ खिंचवा रहे हैं फोटो, सोशल मीडिया पर लगा रहे स्टेटस

### स्थानीय अनियमित कर्मचारी की भी शिकायत पर बैंक प्रबंधन ने नहीं लिया संज्ञान,अनियमित कर्मचारी को भी बैंक प्रबंधन दे रहा संरक्षण






-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर/ पटना,06 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।
कोरिया जिले का छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक शाखा पटना इस समय काफी सुर्खियों में है और सुर्खियों में भी कोई बेहतर उपभोक्ताओं को व्यवस्था देने के लिए नहीं उपभोक्ताओं को परेशान करने से लेकर अनियमित व नियम विरुद्ध तरीके से लेन देने को लेकर है, गंभीर आरोपों के साथ शिकायतें भी हुई और शिकायतों पर जांच करने के लिए टीम भी पहुंची पर जांच में क्या पाया गया और क्या हुआ यह तो अंदर खाने की बात है पर सूत्रों का कहना है की जांच में अनियमितता पाई गई है लेकिन इसके बावजूद पटना बैंक मैनेजर पर कार्यवाही करने से क्षेत्रीय प्रबंधक सहित प्रदेश के प्रबंधक भी घबरा रहे हैं अब इसकी वजह जो भी हो, वहीं वजह यह है कि शिकायतों में अनियमितता पाए जाने के बावजूद अभी तक शाखा प्रबंधक हटाए नहीं गए और छुप छुपकर वह बैंक पहुंच रहे हैं.. स्थिति तो यह है कि उनके उच्च अधिकारी इन पर कार्यवाही करने के बजाय उनके साथ एक प्रतिष्ठित होटल में पार्टी कर रहे हैं और पार्टी की ग्रुप फोटो स्टेटस में लगा रहे हैं जिससे यह समझ जा सकता है कि क्षेत्रीय छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के प्रबंधक इस शाखा प्रबंधक को लेकर कितने गंभीर हैं?

वैसे शाखा प्रबंधक ग्रामीण बैंक पटना की शिकायत को लेकर जब क्षेत्रीय शाखा प्रबंधक से बात कर कार्यवाही के संबंध में जानना चाहा गया तो उन्होंने पटना शाखा प्रबंधक का तबादला किया जाना बताया गया वहीं इसकी वजह यह बताई गई की शाखा प्रबंधक पटना बैंक के रहकर दस्तावेज से छेड़छाड़ न कर सकें इसलिए ऐसा किया गया है वहीं जब सच्चाई जानी गई तो पता चला की बैंक के अनियमित कर्मचारी के साथ शाखा प्रबंधक लगातार बैंक पहुंच रहे हैं और अनियमित कर्मचारी के ही साथ वह जांच प्रभावित करने में लगे हुए हैं। कुल मिलाकर क्षेत्रीय प्रबंधन का रुख शाखा प्रबन्धक को बचाना है और इसीलिए उन्हे बैंक चोरी छिपे जाने की अनुमति है खासकर अनियमित कर्मचारी के साथ।










### शाखा प्रबंधक सूदखोरों को देते हैं खाता धारक के खाते की जानकारी

शिकायतकर्ता के अनुसार पटना शाखा प्रबंधक गौरवदीप पर यह आरोप है कि यह ब्याजखोरों को दूसरे दूसरे उपभोक्ताओं के खाते की जानकारी देते हैं जिससे सूदखोर अपना पैसा सही समय पर जाकर उसके खाते से निकाल सके जिसे उन्होंने पैसा दिया है। वहीं यदि शिकायतकर्ताओं की ही माने तो इस काम में उनका सहयोगी स्थानीय निवासी बैंक का एक अनियमित कर्मचारी है जो वर्षो से यही करता चला आ रहा है जिसकी लगातार शिकायत सामने आती रही है। कुल मिलाकर अपने शाखा की साथ ही खाताधारक के बैंक अकाउंट की गोपनीयता भंग करने का वह काम कर रहे थे जो लगातार शिकायत में सुनने को मिलने वाली बात थी।

### ऋण मामलों में अनियमितता का आरोप

शाखा प्रबन्धक ग्रामीण बैंक पटना के ऊपर ऋ्रण मामलों में भी अनियमितता का आरोप लगा है। ऋ्रण मामलों में पीएमईजीपी ऋ्रण योजना को लेकर ज्यादा शिकायत सामने आई थी जिसमे उन्होंने नियमों को ही ताक पर रखकर ऋ्रण वितरण किया था। ऋ्रण वितरण मामले में भी उनकी उच्च स्तरीय शिकायत हुई है और जांच चल रही है। कई गंभीर आरोपों के बाद बैंक प्रबंधन का रुख शाखा प्रबंधक के प्रति सकारात्मक बना हुआ है जिससे यह अंदेशा लगाया जा रहा है की उन्हे प्रबंधन बचाने की फिराक में लगा हुआ है। जिसका साबुत घटती-घटना के पास मौजूद है।

### आखिर पटना ग्रामीण बैंक से क्यों नही हटाया जा रहा बैंक मैनेजर को

लगातार शिकायतों के बावजूद आखिर शाखा प्रबंधक ग्रामीण बैंक पटना गौरवदीप को क्यों बैंक से नहीं हटाया जा रहा है यह आज एक बड़ा सवाल है। बता दें की कई गंभीर शिकायत उनके खिलाफ हैं वहीं बैंक की गोपनीयता खाताधारकों की गोपनीयता भी वह एक स्थानीय अनियमित कर्मचारी के साथ मिलकर भंग कर रहे हैं इसके बावजूद बैंक प्रबंधन उनके ऊपर मेहरबान है। शाखा प्रबंधक की लिखित शिकायत भी हुई है वहीं शिकायतों की जांच भी जारी है ऐसे में जांच प्रभावित न हो इस नजरिए से भी उन्हे हटाया जाना था जबकि उन्हे नहीं हटाया जा रहा है और वह स्थानीय अनियमित कर्मचारी के साथ मिलकर अपने पक्ष में सब कुछ तय करने में लगे हुए हैं।

## चेक मामले में बैंक मैनेजर गौरवदीप को अधिवक्ता ने भेजी नोटिस

पक्षकार अवधेश प्रताप कुशवाहा के पिता रामसकल कुशवाहा ने 14.06.2023 को अपने बैंक खाता क्रमांक 7008256002 में बैंक ऑफ इंडिया शाखा सूरजपुर का चेक क्रं. 016669 राशि एक लाख आहरण हेतू चेक जमा किया गया था की 15.06.2023 को खाता धारक रामसकल कुशवाहा की मृत्यू हो गयी और यह मामला भी वहीं रूक गया। अधिवक्ता के नोटिस के अनुसार जब पक्षकार अपने पिता के क्रिया करम से निवृत हुआ तो तब उसे अपने पिता के फाईल से एक लाख का जमा पर्ची मिला तब पक्षकार ने 12.12.2023 को बैंक शाखा में जाकर इसकी जानकारी लेनी चाही तब शाखा प्रबंधक द्वारा कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया। बैंकिंग नियम प्रावधानों के अनुसार यदि कोई खाता धारक अपने खाता में किसी भी अन्य वयक्ति के द्वारा प्रदत्त चेक को आहरण हेतू शाखा मे जमा करता है तो उक्त चेक के संबंध में दर्शित राशि का आहरण कर खाता धारक के खाता में जमा कराया जाता है, यदि चेक जारी कर्ता के खाता में राशि पर्याप्त नहीं होने के कारण उक्त जारी चेक के अनादरिक मानकर चेक जमाकर्ता को व्यक्तिगत अथवा अन्य माध्यम से सूचित किया जाता है। किन्तू बैंक प्रबंधक द्वारा समयावधि पर ऐसा नहीं किया गया। पक्षकार अवधेश प्रताप कुशवाहा के अधिवक्ता के नोटिस के अनुसार यह आषंका जाहिर किया गया है कि चेक जारी कर्ता से मिली भगत कते हुये पक्षकार के पिता रामसकल कुशवाहा के द्वारा अपने जीवनकाल में दिनांक 14.06.2023 को एक लाख रूपये की चेक की राशि के आहरण हेतु जमा किया था जिसको बैंक मैनेजर अपने पद के प्रभाव का दुरूपयोग करते हुये चेक जारीकर्ता से मिली भगत करते हुये हड़प लिये है और इसी कारण बैंक मैनेजर द्वारा कोई साकारात्मक एक लाख रूपये राशि के संबंध में समय पर जवाब नहीं दे पाये। इसी तारतम्य में वैधानिक सूचना देते हुये पक्षकार ने उक्त राशि के संबंध में स्पष्ट रूप से उक्त राषि का भुगतान चेक जमा करने के उपरान्त क्यों नहीं किया गया है जवाब 15 दिवस के अंदर प्रस्तुत करने को कहा है।

### तैयारीयों की समीक्षा को लेकर गांधी स्टेडियम में आज होगी बड़ी बैठक

## गांधी स्टेडियम में होने वाले एक लाख दीप प्रज्वलन के लिए तैयारियां जोरों पर




-संवाददाता-
अम्बिकापुर,06 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।
राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के शुभ दिवस 22 जनवरी को अंबिकापुर के गांधी स्टेडियम में होने वाले एक लाख दीप प्रज्वलन भजन संध्या महा आरती आतिशबाजी अखंड रामायण व हवन को लेकर तैयारी जोरों पर है श्री राम जन्मभूमि महोत्सव समिति के संयोजक निलेश सिंह ने बताया कि आयोजित होने वाले इस महोत्सव के लिए नगर भर को 14 जून में बांटकर गठित समूहों को प्रत्येक कार्यों की पृथक पृथक जिम्मेदारी दी गई है उत्सव के सफल आयोजन के लिए विभिन्न महिला संगठन सामाजिक संगठन व अन्य संस्थाओं ने विभिन्न कार्यों की स्वेच्छा से जिम्मेदारी निर्वहन करने का आग्रह किया है कार्यक्रम के निमित्त धन संग्रह के लिए कूपन व आमंत्रण के लिए पत्रों के वितरण का काम लगभग पूर्ण हो चुका है इसी परिप्रेक्ष्य में विगत 5 जनवरी को गांधी स्टेडियम में आयोजित बैठक में एक लाख दीप प्रज्वलन में आम नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने की दृष्टि से पूरे नगर से क्षमतानुसार तेल व बत्ती संग्रहित करने का निर्णय लिया गया है इसके लिए नगर भर में 10 केंद्र क्रमशः शिवाजी चौक महाराणा प्रताप चौक घड़ी चौक गांधी चौक गांधीनगर नमना पावर हाउस झमायापुर चांदनी चौक हनुमान झर्मंदिर भातूपारा सहित अन्य उचित स्थानो पर सूचना की दृष्टि से एक पोस्टर लांच किया इन सभी फ्लेक्सी पोस्टरो को नागरिकों से निवेदनार्थ निर्धारित स्थल पर चश्पा किया जाएगा महा उत्सव की तैयारी की दृष्टि से दिनांक 7 जनवरी दिन रविवार को दोपहर 1:30 बजे गांधी स्टेडियम में बड़ी बैठक आहूत की गई है समिति संयोजक निलेश सिंह ने महा उत्सव में रुचि लेने वाले सभी गणमान्य नागरिकों को बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है !

## विधायक रेणुका सिंह के जन्मदिन पर भाजपाईयों ने जगह-जगह आयोजित किया कार्यक्रम,मरीजों को फल वितरित कर,काटा केक





-संवाददाता-
एमसीबी/सोनहत,06 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।
शुक्रवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री व भरतपुर सोनहत विधानसभा की विधायक रेणुका सिंह का जन्मदिन सोनहत मण्डल में भाजपाईयों द्वारा मण्डल अध्यक्ष ईश्वर राजवाड़े के नेतृत्व में मनाया गया। सर्वप्रथम सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटगोड़ी,सोनहत में मरीजों को भाजपा पदाधिकारियों ने फल वितरित किया वही ग्राम बोड़ार, सोनहत एवं ओरगई मे केक काटा गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए भाजपा मण्डल अध्यक्ष ईश्वर राजवाड़े ने विधायक रेणुका सिंह के उज्जवल भविष्य की कामना किया। मण्डल महामंत्री मनोज साहू ने कहा कि क्षेत्र की उन्नति और विकास के लिए विधायक रेणुका सिंह दृढ़ संकल्पित है, क्षेत्र की जनता ने अपना समर्थन विधायक रेणुका सिंह को दिया है जन्मदिन पर सभी भाजपाईयों और क्षेत्र की जनता कि ओर से बहुत शुभकामनाएं।

पुरे कार्यक्रम में भाजपा जिला मंत्री नवरत्न पाण्डेय, महामंत्री केपी सिंह जंप सदस्य रामप्रताप मरावी भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सुरेश तिवारी भाजयुमो जिला मंत्री रमेश तिवारी भाजयुमो अध्यक्ष सुरेश राजवाड़े दिलीप राजवाड़े, पूर्व मण्डल अध्यक्ष मोतीलाल राजवाड़े राजाराम राजवाड़े प्रकाश राजवाड़े, सुशीला राजवाड़े जंप सदस्य सोनिया राजवाड़े श्वेता सिंह, शिव कुमारी बाबा साहू विवेक साहू बलबीर सिंह रज्जू गुप्ता दिनेश मारिक सुचित्रा पाल,अनिल जायसवाल उमा साहू दिलीप यादव हरिश्चंद्र राजवाड़े समय लाल वैभव सिंह दीपक राजवाड़े दिनेश राजवाड़े रिंकू राजवाड़े भजन राजवाड़े भुवनेश्वर सिंह शंभू दयाल कपिल सिंह मोहन यादव राकेश राजवाड़े मुकेश राजवाड़े मैनेजर भगत टिकेश्वर राजवाड़े धर्म साय दीनानाथ जयप्रकाश राजवाड़े सूरज राजवाड़े सहोदर राजवाड़े उमा राजवाड़े हर्ष साहू, संजय मानिकपुरी विदेश राजवाड़े मेही लाल राजवाड़े आरती काशी लीलावती काशी कमला गुप्ता निलेश सोनी मोनू पांडे निशांत दुबे तथा अन्य कार्यकर्ता सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे।

### रेणुका सिंह के जन्मदिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नागपुर में फल एवं मिष्ठान वितरण किया गया

5 जनवरी 2024 नए वर्ष की शुरुआत के साथ ही भारत सरकार में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भरतपुर सोनहत विधान की लोकप्रिय विधायक माननीय श्रीमती रेणुका सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नागपुर में मरीज को फल वितरण एवं समस्त स्वास्थ्य कर्मियों को मीठा खिलाकर रेणुका सिंह के स्वस्थ जीवन एवं दीर्घायु की कामना किया गया इस अवसर पर संजय राय,अमित राय,मनोज शुक्ला, सरोज जायसवाल,राहुल जायसवाल, जितेंद्र राय,मालती सिंह,दीपक यादव, आशीष राय, काजू जायसवाल, गोकुल यादव, राजेश ठाकुर, राकेश यादव, राहुल साहू, रिकी राय, अमित साहू, गुड्डा राय, सुमित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# क्या बैकुण्ठपुर विधायक ने कलेक्टर की गलतियों को किया नजरअंदाज..

## इसी वजह से प्रदेश के 33 कलेक्टर में से 19 कलेक्टर बदले गए..लेकिन सूची में नहीं दिखा कोरिया कलेक्टर का नाम ?

### कोरिया जिले की प्रशासनिक अमले में कोई फेरबदल नहीं...चर्चा का विषय

### कलेक्टर,एसडीएम की जोड़ी चर्चा में रही इसके बावजूद सत्ता बदलने के साथ प्रशासनिक फेरबदल में इनका नाम ना होना समझ के परे

### क्या भाजपा की सत्ता आते ही बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े ने इन अधिकारियों की गलतियों को किया नजरअंदाज..इन्हें आगे का कार्यकाल पूरा करने का दिया मौका ?

### कांग्रेस के सत्ता में इन्होंने जमकर किया लोगों को परेशान और वित्तीय अनियमितताओं को लेकर भी रहे संदेह के घेरे में

-रवि सिंह-
कोरिया,06 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ प्रदेश में एक बार फिर सत्ता परिवर्तन हो गया और कांग्रेस की सत्ता चली गई और अब भाजपा की सत्ता दोबारा छत्तीसगढ़ में आ गई, प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का मंत्रिमंडल भी गठित हो गया और सभी को अपना प्रभार दे दिए और अब प्रशासनिक बदलाव भी होने शुरू हो गए, पहले ही प्रशासनिक बदलाव के तहत 88 आईएएस की तबादला सूची आई जिसमें 19 जिलों के कलेक्टरों का तबादला हुआ, जबकि प्रदेश में 33 जिले हैं 33 जिले में से 19 जिले के कलेक्टर बदल गए पर नहीं बदले गए तो कोरिया कलेक्टर जबकि इनकी मनमानी कांग्रेस सरकार में खूब थी, आज भी कलेक्टर व एसडीएम कांग्रेस के लोगों का ही काम कर रहे हैं, भाजपा के लोगों को अभी भी दरकिनार करके चल रहे हैं, पर इसके बावजूद बैकुंठपुर विधायक भईयालाल



राजवाड़े का इनकी तरफ इनको हटाने में ध्यान ना देना समझ के परे है, सूत्रों का ऐसा कहना है की भईयालाल राजवाड़े ने अपनी दरियादिली दिखाते हुए इनकी कमियों को नजरअंदाज कर आगे बढ़ने का मौका दिया है पर यह मौका भईयालाल राजवाड़े के कार्यकाल के लिए सही होगा या फिर इन्हीं की जनता परेशान होगी जिस तरह अभी तक होते आई है यह देखने वाली बात होगी।

वैसे कोरिया जिले के कलेक्टर का कार्यकाल बहुत उपलब्धियों भरा नहीं रहा है अब तक उनके कार्यकाल में कई मामलों में अनियमितता की बातें सामने आती रही हैं जिसमे वित्तीय अनियमितता के मामले भी शमिल रहे। कलेक्टर कोरिया के रूप में इनकी पदस्थापना कांग्रेस शासन काल में हुई थी और उस समय जब तक कांग्रेस की सत्ता थी भाजपा के लोगों को परेशान ही देखा जाता रहा है अब भाजपा की सत्ता में भी कलेक्टर वही रहने वाले हैं जो भाजपा के लोगों को नागवार गुजर रहा है। कोरिया कलेक्टर के अभी तक के कार्यकाल की बात करें तो इनका कार्यकाल जिले के लिए कतई बेहतर नहीं रहा इनके कार्यकाल में जहां राजस्व अमला मनमानी करता रहा वहीं स्वास्थ्य विभाग की खरीदी मामले में भी शिकायतें सुनने को मिली। कुल मिलाकर इनका कार्यकाल जिले में चर्चा का विषय रहा और माना जा रहा था की यह पहले स्थानांतरित किए जाने वाले कलेक्टर होंगे जैसा हुआ नहीं और यह जिले में ही बने रहने के सफल हो गए। वैसे एमसीबी जिले के कलेक्टर का जाना और कोरिया जिले के कलेक्टर का नहीं जाना भी सवाल खड़े करता है क्योंकि दोनो में ही एमसीबी जिले के कलेक्टर का कार्यकाल ज्यादा अच्छा था बशर्ते कोरिया केलेक्टर।

### राजस्व अमले की मनमानी कोरिया कलेक्टर रोक पाने में नहीं हो पाए थे सफल

कोरिया कलेक्टर ने अपने अब तक के कार्यकाल में राजस्व अमले की मनमानियों पर रोक नहीं लगा पाई थी। कांग्रेस शासनकाल में कोरिया कलेक्टर का कार्यकाल राजस्व संबंधी समस्याओं के साथ जारी था जिसमे आम लोग परेशान थे। अब जब सत्ता परिवर्तन हुआ है तो उनका कार्यकाल कैसा होगा यह भविष्य में देखने वाली बात होगी ,वैसे राजस्व अमले को अब कैसे संचालित करने वाले हैं कलेक्टर कोरिया यह आगे देखने वाली बात होगी क्योंकि फिलहाल उन्हे अभयदान मिला हुआ है।

### बैकुंठपुर एसडीएम कार्यालय में भी फरियादी होते रहे परेशान,फिर भी सुध लेने कलेक्टर ने नहीं दिखाई रुचि

कलेक्टर कोरिया के कार्यकाल में एस डी एम कार्यालय बैकुंठपुर में फरियादी परेशान होते रहे फिर भी जिले के मुखिया होने के नाते कलेक्टर ने व्यवस्था दुरस्त करने में कोई रुचि नहीं दिखाई। एसडीएम कार्यालय में अधिकारी की अनियमित उपस्थिति साथ ही पटना तहसील में तहसीलदारों की मनमानी कई बार सुर्खियां बनी लेकिन कलेक्टर कोरिया अपनी धुन में ही चलते रहे कोई ध्यान उन्होंने नहीं दिया।

### सत्ता बदलते ही जब जिला अस्पताल पहुंचे कलेक्टर डॉक्टरों की अनुपस्थिति सामने आई

कलेक्टर कोरिया कितने संवेदनशील थे या हैं जिले के लिए यह इसी बात से समझा जा सकता है की उन्होंने जब हाल ही में जिला चिकित्सालय का दौरा किया उन्हे अधिकांश चिकित्सक अनुपस्थित मिले जिन्हे उन्हे कारण बताओ नोटिस जारी करना पड़ा। अपनी जिम्मेदारी दूसरे के कंधे पर डालने का ही नतीजा था यह की उन्हे जिला चिकित्सालय में चिकित्सक नदारद मिले। उन्होंने कार्य विभाजन के तहत बताया जाता है की जिला पंचायत सीईओ को अस्पताल का जिम्मा दिया हुआ था जिसकी पोल तब खुली जब वह खुद अस्पताल पहुंचे।

### निर्वाचन कार्य में भी सबसे पीछे नजर आए कोरिया कलेक्टर,कई त्रुटियां भी आई सामने

कलेक्टर कोरिया विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान भी कई मामलों में अन्य जिलों के कलेक्टरों से पीछे नजर आए। निर्वाचन किसी तरह जिले में संपन्न हो सका। प्रशिक्षण, वाहन व्यवस्था, भोजन सहित मानदेय भुगतान में कोरिया जिला इस बार सबसे पिछड़ा जिला साबित हुआ जिसकी बानगी सोशल मिडिया में भी सुनाई दी। जिले में चुनाव भगवान भरोसे संपन्न हुए ऐसा लगातार सुनने को मिला।

### स्वास्थ्य विभाग खरीदी में भी हुई है अनियमितता,कलेक्टर रहते खरीदी में अनियमितता की जांच भी नहीं कर सके वर्तमान कलेक्टर

जिले के स्वास्थ्य विभाग में की गई खरीदी में भी अनियमितता की शिकायत सामने आई। खरीदी में जमकर भ्रष्टाचार हुआ शिकायत हुई लेकिन कलेक्टर कोरिया ने शिकायत की जांच में दिलचस्पी नहीं दिखाई। कुल मिलाकर उन्होंने शिकायत को ठंडे बस्ते में डाल दिया जो बताता है की वह जिले की स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर कितने गंभीर हैं।

# हसदेव अरण्यःअडानी कम्पनी बारहमासी छोटी नदियों को डाइवर्ट कर उनका अस्तित्व खत्म कर रही

### वनों की कटाई और आदिवासियों के साथ अत्याचार के मामलों की जांच के लिए पहुंची कांग्रेस की टीम



-संवाददाता-
अम्बिकापुर,06 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।

हसदेव अरण्य क्षेत्र में कोयला खदानों के लिए वनों जबकी कटाई और ग्रामीण आदिवासियों के साथ अत्याचार के मामलों की जांच के लिए गठित कांग्रेस की टीम ने आज प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। पूर्व मंत्री डॉ प्रेम साय सिंह की अगुवाई में जांच टीम ने साल्ही,हरिहरपुर, घाटबर्रा और फतेहपुर के लोगों से बात की जांच टीम को ग्रामीणों ने बताया कि प्रभावित गांव के लोग अपनी जमीन नहीं देने के लिए प्रतिबद्ध है। वे पिछले 675 दिन से जंगल और जमीन बचाने के लिए हरिहरपुर और घाटबर्रा गांव में धरना दे रहे हैं। ग्राम हरिहरपुर में धरने पर बैठे ग्रामीणों के प्रतिनिधियों रामलाल करियाम साल्ही, इंद्र कुंवर मदनपुर, उमेश्वर साल्ही, सम्पतिया हरिहरपुर ने ग्रामीणों की ओर से एक स्वर से कहा हसदेव अरण्य क्षेत्र की सभी 23 प्रस्तावित कोयला खदानों को निरस्त किया जाए।

परसा खदान के लिए ग्रामीणों की सहमति नहीं है। 27 जनवरी 2018 को वन अधिकार पट्टा के लिए ग्राम सभा की बैठक हुई थी।ग्राम सभा के प्रस्ताव में 1 से 21 तक खदान का कोई जिक्र नहीं हुआ। ग्रामसभा की समाप्ति के बाद उदयपुर के रेस्ट हाउस में तत्कालीन कलेक्टर और पुलिस के अधिकारियों ने सरपंच /सचिव पर दबाव बनाकर अलग से क्रमांक 22 में खदान के लिए सहमति का एजेंडा लिखकर हस्ताक्षर करा लिया। फर्जी ग्रामसभा के प्रस्ताव के संबंध में उदयपुर थाना से लेकर राज्यपाल तक शिकायत की जा चुकी है।अभी तक जांच नहीं हुई है।

घाटबर्रा में सामुदायिक वन अधिकार का पट्टा मिला था, उसे निरस्त कर दिया। मामला न्यायालय में विचाराधीन है। यहां वनों की कटाई को लेकर विशेष ग्राम सभा हुआ था। ग्रामीणों के विरोध के चलते उसे निरस्त कर दिया गया। आरोप है कि बाद में घर-घर रजिस्टर घुमाकर हस्ताक्षर कराया गया। घाटबर्रा के अधिकांश लोगों ने हस्ताक्षर करने से मना कर दिया तो फर्जी हस्ताक्षर कराया गया। कृष्णा प्रसाद ने आरोप लगाया उसके धनीराम आत्मज संतराम की मृत्यु 15-16 साल पहले हो चुकी है। उनका भी हस्ताक्षर रजिस्टर में है। ऐसे कई नाम है जिनकी मृत्यु ग्रामसभा से पहले हो चुकी है लेकिन कार्यवाही पंजी में उनके दस्तखत है।

जांच टीम के संयोजक पूर्व मंत्री डॉ प्रेम साय सिंह ने ग्रामीणों के हवाले से बताया नया खुलने वाले परसा खदान के लिए वनों की कटाई की स्वीकृति मिलने की बात कंपनी के लोग कहते हैं हालांकि संबंधित कागज कभी नहीं दिखाया गया, इसे लेकर ग्रामीणों में संशय की स्थिति है। ग्रामीण जन डरे हुए हैं उन्हें लगता है अदानी कंपनी प्रशासन के साथ मिलकर कभी भी जंगल की कटाई शुरू कर सकती है। एक अनुमान के मुताबिक परसा और केते एक्सटेंशन खदान के लिए कुल 9 लाख से अधिक पेड़ काटे जाएंगे।

कांग्रेस की टीम ने हाल में किये जंगल की कटाई और खदान क्षेत्र का निरीक्षण किया। टीम को ग्रामीणों ने दिखाया किस तरह अडानी कम्पनी बारहमासी छोटी नदियों को डाइवर्ट कर उनका अस्तित्व खत्म कर रही है। कांग्रेस की जांच टीम के सदस्य पूर्व विधायक डॉ प्रीतम राम, गुलाब कमरो, श्रम कल्याण मंडल के पूर्व अध्यक्ष शफी अहमद, अजजा आयोग के पूर्व अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, जिला कांग्रेस सरगुजा के अध्यक्ष राकेश गुप्ता, सूरजपुर अध्यक्ष भगवती राजवाड़े, राजनाथ सिंह ने प्रभावितों के बयान के हवाले से बताया वनों की कटाई के लिए पुलिस और प्रशासन के साथ अदानी कंपनी के अधिकारियों द्वारा दबाव बनाए जाने से ग्रामीणों में आक्रोश उपज रहा है जो कभी भी हिंसक रूप ले सकता है। ग्रामीणों के मुताबिक 21 दिसंबर को पेड कटाई से ठीक पहले राम लाल, ठाकुर राम, जयनंदन, श्रीपाल पोर्ते, शिव प्रसाद कुसरो को भोर होने से पहले ही सादी वर्दी में हथियार से लैस पुलिसवालों ने घरों को घेर कर उठा लिया। जयनंदन के घर का दरवाजा तोड़ दिए। रामलाल को कपड़ा तक नहीं पहनने दिया। गांव के पक्के कच्चे सभी रास्तो तक में पुलिस का पहरा लगा कर तीन दिन में ही करीब 30 हजार बड़े छोटे पेडो को इलेक्ट्रॉनिक आरा मशीन से काट दिया। जब पेड काटना होता है आंदोलन के मुखिया लोगो को नजरबंद कर देते हैं। ग्रामीणों को धरना स्थल में जुटने नहीं देते। मारपीट और धमकी आम बात है। लगातार प्रताड़ना से ग्रामीणों के अंदर आक्रोश पनप रहा है। यदि प्रशासनिक तंत्र और कम्पनी का रवैया नहीं बदला तो जल, जंगल और जमीन को बचाने के लिए कभी भी उग्र हो सकते गई। इस दौरान विनय शर्मा बंटी, ओमप्रकाश सिंह, आशीष वर्मा, रामचन्द्र यादव, राजू सिंह, दिनेश शर्मा, धर्मेंद्र सिंह सहित अन्य

# कलेक्टर ने यातायात व्यवस्था बेहतर बनाने के दिए निर्देश

-संवाददाता-
कोरबा 06 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।



शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से जिले के नवपदस्थ कलेक्टर अजीत वसंत ने शहर के विभिन्न मार्गों व चौक-चौराहों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान निगमायुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई, एसडीएम कोरबा श्रीकांत वर्मा, लोक निर्माण विभाग, यातायात पुलिस सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री वसंत ने अधिकारियों से शहर में भारी वाहनों के कारण लगने वाले जाम वाले स्थानों की जानकारी लेते हुए सीएसईबी चौक, सर्वमंगला तिराहा, सर्वमंगला-कनकी मार्ग, राताखार मार्ग, मेजर ध्यानचंद चौक, परसाभाठा चौक और रिस्दी चौक का निरीक्षण किया। उन्होंने इन सभी प्वांइट्स से होकर गुजरने वाले भारी वाहनों के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए।

# तीरंदाजी का पावर हाउस बनते हुए उभर रहा है एनटीपीसी कोरबा

-संवाददाता-
कोरबा,06 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।

भारत धीरे-धीरे तीरंदाजी में पावर हाउस के रूप में उभर रहा है। हमारे देश के कई आदिम जनजाति जैसे- पहाड़ी कोरबा एवं दिहाड़ी कोरवा जिला कोरबा के सुदूर वनांचलों में निवास करते है, जिनका तीरंदाजी पारम्परिक खेल है। इसलिए एनटीपीसी कोरबा प्रबंधन द्वारा तीरंदाजी को बढ़ावा देने का निर्णय लिया है। जिसके अनुपालन में तीरंदाजी प्रतिभा खोज शिविर का आयोजन कोरबा जिले के 04 स्थानों क्रमशः ग्राम - देवपहरी, अजगरबहार, गढ़-उपरोड़ा, एवं सोनपुरी में किया गया। जिसमें राष्ट्रीय स्तर के तीरंदाज प्रशिक्षक श्री भरत यादव द्वारा प्रशिक्षण दिया गया है। उक्त चारों स्थानों में सफलतापूर्वक प्रशिक्षण के पश्चात कुशल व प्रतिभावान खिलाड़ियों को देवपहरी में आवासीय तीरंदाजी शिविर में जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के तीरंदाजी प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु उनकी प्रतिभा को निखारा जा रहा है जिससे वे भविष्य में बेहतर तीरंदाज बन सके। इसमे शारीरिक क्षमता बने हेतु व्यायाम, तीरंदाजी प्रशिक्षण आदि का आयोजन कराया जा रहा है। यह कार्यक्रम 05 माह के लिए आयोजित किया गया है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में एनटीपीसी कोरबा सीएसआर के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर हर्षित ठाकुर बैडमिंटन में और किरण पिसदा महिला फूटबाल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोरबा का नाम रोशन कर रहा है।

न्यायालय नायब तहसीलदार
अम्बिकापुर-2 जिला-सरगुजा छ0ग0

रा0प्र0क्र0 202312021700076/ अ-6-अ/2023-24

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक देव प्रसाद आ0 गोकुल, निवासी ग्राम सोनपुरकला, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम सोनपुरकला स्थित भूमि खसरा नंबर 3/48 रकबा 0.251 हे0 का नक्शा सूधार कराने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 29/01/2024 को न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा अपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 28/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील

नायब तहसीलदार
अम्बिकापुर

न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी बलरामपुर, जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छत्तीसगढ़)

क्रमांक/521/वि0विवाह अधि0/वाचक/2023 बलरामपुर दिनांक 08/12/2023

फार्म-अ

सार्वजनिक सूचना

(नियम 6 देखिए)

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए अधिसूचना किया जाता है कि वर पक्ष रामबाबू मिस्त्री आ0 श्री जगदीश मिस्त्री उम्र 27 वर्ष जाति बढ़ई निवासी ग्राम कृष्णनगर थाना व तहसील बलरामपुर जिला बलरामपुर रामानुजगंज (छत्तीसगढ़) के वधु पक्ष अनुराधा कुमारी आत्मज श्री रामसरेख शर्मा उम्र 23 वर्ष जाति बढ़ई निवासी ग्राम लोइंगा थाना व तहसील पाटन जिला पलामू (झारखण्ड) के द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अन्तर्गत अपने विवाह के अनुष्ठापित किये जाने हेतु आशयित विवाह की सूचना उक्त अधिनियम के द्वितीय अनुसूचि में प्रस्तुत किया है। जो संलग्न है। इस अनुष्ठापित होने वाले विशेष विवाह के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो इस उद्घोषणा के प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर अर्थात दिनांक 08/01/2024 तक मेरे न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी।

(सुनवाई दिनांक 08/01/2024)

सील

(एस0एस0पैकरा)
अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी
जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज छ.ग.

रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-22092023-248877
CG-DL-E-22092023-248877

MINISTRY OF ROAD TRANSPORT AND HIGHWAYS
NOTIFICATION
NewDelhi,the 20thSeptember,2023

S.O.4143(E)-Whereas by the notification of the Government of India in the Ministry of Road Transport and Highways,S.O.5560(E) Date 30 November 2022, published in the Gazette of India,Extraordinary,PartII,Section3,Sub-section(ii) issued undersub-section(I) of section3A of the National HighwayAct,1956(48 of 1956)(hereinafter referred to as the said Act),the Central Government declared its intention to acquire then land specified in the Schedule annexed to the said notification for construction of Maintenance, management and operation of NH-111 (New NH-130) on the stretch of land from Km.165.000 to Km.221.500 (Bilaspur-Katghora-Ambikapur Road) in the Tehsil Udaypur in the district of Surguja in the state of CHHATTTSGARH.

And whereas the substance of the said notification has been published in"Nav-Bharat" and "Central Chronicale" both dated 13 December 2022; under sub-section (3) of section 3A of the said Act;
And whereas no any objections have been received from any person by the competent Authority;
And whereas, in pursuance of sub-section (1) of section 3D of the said Act, the competent authority has submitted its report to the Central Government;
Now, therefore, upon receipt of the said report of the competent authority and in exercise of the powers conferred by the sub-section (I) of section 3D of the said Act, the Central Government here by declares that the land specified in the said Schedule should beacquired for the aforesaid purpose;
And further, in pursuance of sub-section (2) of section 3D of the said Act, the Central Government hereby declares that on publication of this notification in the Official Gazette, the land specified in the said Schedule shall vest absolutely in the Central Government, free from all encumbrances.

SCHEDULE

Brief description of the land to be acquired, with or without structure, falling within the NH-111 (New NH-130) in the stretch of land from Km. 165.000 to Km. 221. 500 (Bilaspur-Katghora-Ambikapur Road) in the Tehsil Udaypur in the district of Surguja in the state of CHHATTIGARH.

| State: CHHATTISGARH | | | District: Surguja | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Sl.No. | Survey/Plot Number | Type of Land | Nature of Land | Area (in Hectares) | Name of Land Owner/Interested |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| Taluk: Udaypur | | | | | |
| Village: Salhi | | | | | |
| 1 | 1/5 | Private | Non Irrigated | 0.0140000 | Sukhlal, Heerabai Pita Budhau, Koushilya Pati Budhau, Budhimaan Maoharsaay, Sukhnandan Pita |
| | | | | | Purushottam, Sikho Pita Purushottam 1/5 |
| 2 | 3/5 | Private | Non Irrigated | 0.0180000 | Sukhnandan, Sukwaro, Savitri Pita Raghunath, Ramuniya Pati Raghunath 3/5 |
| 3 | 4 | Private | Non Irrigated | 0.0480000 | Nansaay, Sukhsaay Pita Aagar Saay 4 |
| 4 | 5/1 | Private | Non Irrigated | 0.0100000 | Ramo Bai Putri Shivdas 5/1 |
| 5 | 5/2 | Private | Non Irrigated | 0.0100000 | Ramsaay Pita Indal Saay 5/2 |
| 6 | 5/3 | Private | Non Irrigated | 0.0100000 | Naanhi Urf Nal Saay Pita Indal Saay 5/3 |
| 7 | 5/4 | Private | Non Irrigated | 0.0100000 | Jailal singh, Sunindra Singh, Bhuneshwar Singh pita Premsaay, Sumaro Pati Premsaay 5/4 |
| 8 | 55/3 | Private | Non Irrigated | 0.0220000 | Nansaay, Sukhsaay Pita Aagar Saay 55/3 |
| 9 | 6/1 | Private | Non Irrigated | 0.0170000 | Ramo Bai Putri Shivdas 6/1 |
| 10 | 6/2 | Private | Non Irrigated | 0.0200000 | Ramsaay Pita Indal Saay 6/2 |
| 11 | 6/3 | Private | Non Irrigated | 0.0100000 | Naanhi Urf Nal Saay Pita Indal Saay 6/3 |
| 12 | 6/4 | Private | Non Irrigated | 0.0210000 | Jailal singh, Sunindra Singh, Bhuneshwar Singh pita Premsaay, Sumaro Pati Pramsaay 6/4 |
| | | | Total | 0.21 | |


R.O.No. - 39278/2

[F. No.: RW/NH-37014/9/2013-NHDP-IV A/3D]
ABHAY JAIN, Dy. Secy.

## संक्षिप्त खेल समाचार

### सैम हार्पर प्रैक्टिस सेशन के दौरान हुए चोटिल

**मेलबर्न,06 जनवरी 2024।** ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया। हादसे में मेलबर्न स्टार्स के विकेटकीपर-बल्लेबाज सैम हार्पर प्रैक्टिस सेशन के दौरान चोटिल हो गए, जिससे उनके साथी खिलाड़ी डर गए। स्टार ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल की कप्तानी वाली इस टीम की प्रैक्टिस सेशन के दौरान हार्पर के सिर के पास जोर से गेंद लग गई, जिससे वो मैदान पर ही गिर पड़े। हार्पर को तुरंत अस्पताल



ले जाया गया, जहां उनकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। हार्पर क्लब ने कहा, हम चाहते हैं कि आप इस समय उनकी निजता का सम्मान करें। क्लब जानकारी मिलने पर आगे के अपडेट उपलब्ध कराएगा। इस बीच 'ई एस पी एन क्रिकइंफो' की खबर के अनुसर हार्पर 'क्रॉस-बैट' शॉट खेलने का प्रयास कर रहे थे जब गेंद उनकी ठोढ़ी पर लगी जिससे बड़ा कट लग गया।

### साई शक्ति,अनंतपुर स्पोर्ट्स अकादमी ने पांचवें दिन जीत हासिल की

**नई दिल्ली,06 जनवरी 2024।** साई शक्ति टीम और अनंतपुर स्पोर्ट्स अकादमी ने अपने-अपने मैच जीते, जबकि ओडिशा नेवल टाटा हॉकी हाई-परफॉर्मेंस सेंटर ने यहां दूसरे खेलो इंडिया सब जूनियर महिला हॉकी लीग चरण 2 के पांचवें दिन साई बाल टीम के साथ ड्रा खेला। दिन के पहले मैच में साई शक्ति टीम ने प्रीतम सिवाच हॉकी अकादमी को 7-0 से हराया। पूर्णिमा यादव (28%, 43%, 53%) ने हैट्रिक लेकर साई शक्ति टीम का नेतृत्व किया, जबकि बिनाती मिंज (9%), भाव्या (10%), प्रियंका (36%) और कप्तान काजल (54%) ने एक-एक गोल किया।



दिन के दूसरे मैच में ओडिशा नेवल टाटा हॉकी हाई-परफॉर्मेंस सेंटर ने साई बाल टीम के साथ 0-0 से ड्रा खेला। पिछले दिन अपने-अपने मैच जीतकर अच्छी फॉर्म के साथ इस खेल में आने वाली दोनों टीमें अपनी जीत की लय बनाने की कोशिश कर रही थीं। हालांकि, दोनों टीमों की ओर से रक्षा के कड़े प्रदर्शन ने यह सुनिश्चित किया कि मैच बिना कोई गोल किए ड्रॉ पर समाप्त हो।

दिन के तीसरे मैच में अनंतपुर स्पोर्ट्स अकादमी ने भाई बेहलो हॉकी अकादमी भगता को 4-1 से हराया। मैच का पहला गोल भाई बेहलो हॉकी अकादमी भगता के लिए जानवी (6%) ने किया, लेकिन अनंतपुर स्पोर्ट्स अकादमी के लिए पी. मधुरिमा बाई (15%, 53%) और एम. वैष्णवी (17%, 59%) ने गोल किये।

# इंडिया ऑस्ट्रेलिया महिला टीम के बीच मुकाबला आज

**मेलबर्न,06 जनवरी 2024।** पहले मैच में बड़ी जीत से उत्साह से ओतप्रोत भारतीय महिला टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपना ऑलराउंड प्रदर्शन जारी रखकर तीन मैचों की श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगी। एक दिवसीय श्रृंखला में तीनों मैच गंवाने के बाद भारतीय महिला टीम ने पहले टी20 मैच में खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करके ऑस्ट्रेलिया को नौ विकेट से करारी शिकस्त दी थी जो इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ उसकी सबसे बड़ी जीत है। भारतीय टीम ने इस मैच में न सिर्फ क्षेत्ररक्षण में चुस्ती दिखाई बल्कि उसके गेंदबाजों ने भी ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों को खुलकर नहीं खेलने दिया।



भारत के सामने 142 रन का लक्ष्य था जो उसने शेफाली वर्मा (नाबाद 64) और स्मृति मंधाना (54) के बीच पहले विकेट के लिए 137 रन की साझेदारी के दम पर आसानी से हासिल कर दिया। भारतीय गेंदबाजों ने इस मैच में शानदार प्रदर्शन किया। युवा गेंदबाज टिटास साधु ने चार ओवर में 17 रन देकर चार विकेट लिए। इनमें से तीन विकेट उन्होंने पावरप्ले में लिए थे। स्पिनर दीप्ति शर्मा और श्रेयंका पाटिल ने दो-दो विकेट लेकर उनका अच्छा साथ दिया था। टिटास ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा,''प्रत्येक मैच और अच्छा प्रदर्शन कई घंटे की कड़ी मेहनत का परिणाम होता है। मेरा मानना है कि क्षेत्ररक्षण में हमारा प्रदर्शन शानदार रहा क्योंकि एक गेंदबाज मैदान पर मौजूद अन्य खिलाड़ियों के सहयोग से ही अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकता है।'' डीवाई पाटिल स्टेडियम में शुक्रवार को दर्ज की गई जीत से भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू धरती पर पहली श्रृंखला जीतने के करीब पहुंच गई है। भारत ने 2015-16 में ऑस्ट्रेलिया को उसकी धरती पर तीन मैच की श्रृंखला में 2-1 से हराया था। भारतीय टीम को यह उपलब्धि हासिल करने के लिए न सिर्फ अपने प्रदर्शन में निरंतर दिखानी होगी बल्कि ऑस्ट्रेलिया के जवाबी हमले से भी सतर्क रहना होगा जो एलिस पेरी के 300 वें अंतरराष्ट्रीय मैच का जश्न जीत के साथ मनाने के लिए प्रतिबद्ध है। ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली ने कहा,''हम वास्तव में रविवार को होने वाले मैच को लेकर काफी उत्साहित हैं। यह हमारी टीम के लिए एलिस पेरी की उपलब्धि का जश्न मनाने का शानदार अवसर है।

उनके 300 वें मैच का हिस्सा बनने को लेकर वास्तव में प्रत्येक खिलाड़ी उत्साहित है। वह इस पर बात नहीं करना चाहती है क्योंकि इससे उसे लगता है कि वह उम्रदराज हो गई है।'' ऑस्ट्रेलिया को उम्मीद रहेगी कि पेरी बड़ा स्कोर बनाकर इस मैच को यादगार बनाने की कोशिश करेगी। भारत को उसके अलावा बेहतरीन फार्म में चल रही फोएबे लिचफील्ड से भी सतर्क रहना होगा जिन्होंने पिछले मैच में 49 रन बनाए थे।

टीम इस प्रकार हैं-भारत

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, श्रेयंका पाटिल, मन्नत कश्यप, सैका इशाक, रेणुका सिंह ठाकुर , टिटास साधु, पूजा वस्त्राकर, कनिका आहूजा, मिन्नू मणि। ऑस्ट्रेलिया- डार्सी ब्राउन, हीथर ग्राहम, एशले गार्डनर, किम गार्थ, ग्रेस हैरिस, एलिसा हीली (कप्तान और विकेटकीपर), जेस जोनासेन, अलाना किंग, फोएबे लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्रा (उपकप्तान), बेथ मूनी (विकेटकीपर), एलिस पेरी, मेगन शुट्ट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वेयरहैम। मैच भारतीय समयानुसार शाम सात बजे से शुरू होगा।

## हमने तीनों विभागों में अच्छा प्रदर्शन किया

**नवी मुंबई,06 जनवरी 2024।** डीवाई पाटिल स्टेडियम में टी 20 सीरीज के पहले मैच में भारत की ऑस्ट्रेलिया पर नौ विकेट से शानदार जीत के बाद कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि उनकी टीम खेल के तीनों विभागों में शानदार है।

तेज गेंदबाज तितास साधु के चार विकेट की मदद से भारत ने फोबे लीचफील्ड के सर्वाधिक 49 रन के बावजूद ऑस्ट्रेलिया को 141 रन पर आउट कर दिया। जवाब में, सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और शैफाली वर्मा ने अर्द्धशतक जमाकर पहले विकेट के लिए 137 रन की साझेदारी की।



हालांकि स्मृति 52 रन पर आउट हो गई, लेकिन शेफाली 64 रन बनाकर नाबाद रहीं, जिससे वानखेड़े स्टेडियम में वनडे सीरीज में 3-0 से हार के बाद भारत को अहम जीत मिली। हम तीन विभागों में अच्छे प्रदर्शन पर थे। हम क्षेत्ररक्षण पर कड़ी मेहनत कर रहे हैं, कभी-कभी परिणाम नहीं आते हैं, लेकिन सभी क्षेत्ररक्षकों को काम करते हुए देखकर अच्छा लगा।

क्षेत्ररक्षण कोच को श्रेय जाता है, उन्होंने कहा कि जेमी (जेमिमा रोड्रिग्स) पॉइंट पर खड़ी रहेगी क्योंकि हमने वहां बहुत रन दिए हैं। हर कोई जानता है कि वे कहां होंगे. हमने उसे (फोबे को) वनडे में बहुत सारे मौके दिए, मैं बस अपने गेंदबाजों से कहती रही , सही क्षेत्र में गेंदबाजी करते रहो और अमनजोत ने उसे (आउट) कर दिया।'तितास के प्रदर्शन के बारे में बात करते हुए हरमनप्रीत ने कहा कि उन्हें मुख्य कोच अमोल मजूमदार के कहने पर अंतिम समय में शामिल किया गया था। यह आखिरी क्षण में किया गया बदलाव था, इसका श्रेय हमारे कोच को जाता है। आखिरी क्षण में हमने सोचा कि अगर हम एक अतिरिक्त सीमर ला सकें तो यह मददगार होगा, उसने अच्छा प्रदर्शन किया। हम जानते हैं कि वे एक अच्छी टीम हैं। जिस तरह से गेंदबाजी इकाई ने गेंदबाजी की, हम वैसा ही प्रदर्शन (भविष्य में) करना पसंद करेंगे।स्मृति ने कहा कि वनडे सीरीज में हार के बाद खुलकर बातचीत करना टी20 सीरीज की शुरूआती जीत के पीछे प्रेरक शक्ति थी, जबकि उन्होंने युवा तितास की प्रशंसा की। हम एकदिवसीय प्रदर्शन से निराश थे। वास्तव में टीम से खुश हैं, खासकर गेंदबाजी से।

## टी 20 वर्ल्ड कप का शेड्यूल जारी

**दुबई,06 जनवरी 2024।** नए रोमांच के लिए क्रिकेट फैंस तैयार हो जाएं क्योंकि आईसीसी ने मेंस टी-20 वर्ल्ड कप का शेड्यूल घोषित कर दिया है। जारी किए गए शेड्यूल के अनुसार टूर्नामेंट 1 से 29 जून तक होगा। मैच वेस्टइंडीज और अमेरिका के 9 शहरों में होंगे। भारत और पाकिस्तान एक ही ग्रुप में हैं, दोनों के बीच ग्रुप स्टेज का मुकाबला 9 जून को न्यूयॉर्क में खेला जाएगा। फाइनल मैच 29 जून को वेस्टइंडीज के बारबाडोस शहर में होगा। टीम इंडिया ग्रूप ए का हिस्सा है। जहां पाकिस्तान, आयरलैंड, कनाडा और होस्ट यूएसए भी उसी ग्रूप में हैं। भारत को अपना पहला मुकाबला 05 जून को खेलना है।




टीम इंडिया का पहला मैच आयरलैंड से खेला जाएगा। यह मैच न्यूयॉर्क में खेला जाएगा। इस मुकाबले के बाद वर्ल्ड कप का सबसे बड़ा मुकाबला 9 जून को न्यूयॉर्क में ही खेला जाएगा। जहां टीम इंडिया और पाकिस्तान की टीम आमने सामने होंगी। वर्ल्ड कप में भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबले का सभी को बेसब्री से इंतजार है। भारत अपना तीसरा ग्रुप स्टेज मैच 12 जून को न्यूयॉर्क में अमेरिका के खिलाफ और चौथा लीग मैच 15 जून को फ्लोरिडा में कनाडा के खिलाफ खेलेगा। भारतीय टीम ग्रुप स्टेज में अपने सभी मुकाबले भारतीय समयानुसार रात 8.30 बजे से खेलेगी।

## रांची पहुंची चेक गणराज्य की महिला हॉकी टीम




**रांची,06 जनवरी 2024।**

उत्साही चेक गणराज्य की महिला हॉकी टीम शनिवार को जोश और दृढ़ संकल्प के साथ रांची पहुंची और उनकी निगाहें पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए क्वालीफाई करके ओलंपिक में अपनी पहली सीट सुरक्षित करने पर टिकी हैं।टीम, जो वर्तमान में विश्व स्तर पर 25वें स्थान पर है, एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 में अपना कौशल दिखाने की तैयारी में उत्साह और तत्परता दिखा रही है। कतेरीना लासीना के नेतृत्व में और मुख्य कोच गैरेथ ग्रुंडी के कुशल मार्गदर्शन में, चेक गणराज्य की टीम आगे आने वाली चुनौती के लिए तैयार है। चेक गणराज्य खुद को पूल ए में रखता है, जहां वे 13 जनवरी को अपने शुरुआती गेम में पूर्व एशियाई खेलों के चैंपियन जापान के खिलाफ अपनी खोज शुरू करेंगे। इसके बाद, वे टूर्नामेंट के अपने दूसरे गेम में 14 जनवरी को चिली से भिड़ने के लिए तैयार हैं। उनका अंतिम पूल मैच 16 जनवरी को ओलंपिक रजत पदक विजेता जर्मनी के खिलाफ निर्धारित है।मैदान में अन्य टीमों में पूल बी में मेजबान भारत, न्यूजीलैंड, इटली और संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल हैं। टूर्नामेंट की शीर्ष 3 टीमें पेरिस ओलंपिक गेम्स 2024 के लिए क्वालीफाई करेंगी।रांची में गर्मजोशी और आनंदमय स्वागत के बीच पहुंचने पर, टीम ने उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने और इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में अपनी छाप छोड़ने की उत्सुकता व्यक्त की। दुर्जेय विरोधियों के खिलाफ आगामी मैच उनके दृढ़ संकल्प और सफलता की भूख का प्रमाण हैं।

## आईओए ने रघुराम अय्यर को अपना मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया

**नई दिल्ली,06 जनवरी 2024।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) द्वारा किए गए सुधारों को स्वीकार करते हुए आखिरकार रघुराम अय्यर को अपना नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। नामांकन समिति द्वारा आयोजित एक सावधानीपूर्वक चयन प्रक्रिया के बाद रघुराम अय्यर के नाम पर मुहर लगी है। वह अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष और आईओए के संयुक्त सचिव कल्याण चौबे का स्थान लेंगे जो सीईओ का अस्थायी प्रभार संभाल रहे थे। आईओए ने एक विज्ञप्ति में कहा, सावधानीपूर्वक विचार करने और शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों के साथ गहन साक्षात्कार के बाद, नामांकन समिति ने सर्वसम्मति से मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) की भूमिका के लिए रघुराम अय्यर को चुना। खेल प्रबंधन और प्रशासन में उनका समृद्ध अनुभव और कसौटी पर कसा हुआ ट्रैक रिकॉर्ड देश में ओलंपिक खेलों को बढ़ावा देने और विकसित करने के आईओए के मिशन का नेतृत्व करने के लिए उन्हें एक आदर्श उम्मीदवार बनाता है। नामांकन समिति की ओर से बोलते हुए डॉ. पी.टी. उषा ने आईओए को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की अय्यर की क्षमता पर भरोसा जताया। डॉ. उषा ने कहा, हमारा मानना है कि रघुराम अय्यर नेतृत्व, रणनीतिक दृष्टि और खेल परिदृश्य की गहरी समझ का एक अनूठा संयोजन लेकर आएँगे। उनकी नियुक्ति वैश्विक मंच पर भारतीय खेलों की निरंतर वृद्धि और सफलता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



## हैदराबाद में होने वाली फॉर्मूला ई,रेस हुई रद्द


**नई दिल्ली,06 जनवरी 2024।** फॉर्मूला ई ने तेलंगाना की नई सरकार पर अनुबंध के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए हैदराबाद में होने वाली रेस को रद्द कर दिया है। दरअसल, भारत में होने वाली इस दूसरी फॉर्मूला ई रेस का आयोजन 10 फरवरी को होना था। फॉर्मूला ई ने नगरपालिका प्रशासन और शहरी विकास विभाग पर अनुबंध के उल्लंघन का आरोप लगाया है। यह विभाग तेलंगाना सरकार के अंतर्गत आते हैं।



वहीं फॉर्मूला ई ने को जारी बयान में कहा, ''तेलंगाना सरकार के अंतर्गत आने वाले नगरपालिका प्रशासन और शहरी विकास विभाग (एमएयूडी) ने 30 अक्टूबर 2023 को मेजबान शहर के साथ किए गए अनुबंध का पालन नहीं किया जिसके कारण यह रेस रद्द कर दी गई।'' देश ने पहली इलेक्ट्रिक रेस का आयोजन पिछले साल फरवरी में किया गया था। उस समय तेलंगाना के तत्कालीन मंत्री केटी रामा राव ने हैदराबाद में इस रेस के आयोजन में अहम भूमिका निभाई थी। उनकी पार्टी को हालांकि दिसंबर में राज्य में हुए चुनाव में कांग्रेस से हार का सामना करना पड़ा था।नई सरकार ने इस रेस के आयोजन में खास दिलचस्पी नहीं दिखाई। बयान में कहा गया है,''फॉर्मूला ई ऑपरेशंस (एफईओ) के पास एमएयूडी को यह बताने के लिए औपचारिक रूप से नोटिस देने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है कि यह अनुबंध का उल्लंघन है। एफईओ अपनी स्थिति पर विचार कर रहा है कि मेजबान शहर समझौते और कानूनों के तहत वह क्या कदम उठा सकता है। इस संबंध में एफईओ के पास सभी अधिकार सुरक्षित हैं।''

फॉर्मूला ई, तेलंगाना सरकार और ग्रीनको के बीच शुरू में चार साल के समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। ग्रीनको पहली रेस के बाद इस प्रतियोगिता से हट गया था। फॉर्मूला ई के सह संस्थापक और मुख्य चैम्पियनशिप अधिकारी अल्बर्टो लोंगो ने कहा, ''हम भारत में मोटरस्पोर्ट के प्रशंसकों के लिए बेहद निराश हैं। हम जानते हैं कि आधिकारिक मोटरस्पोर्ट विश्व चैम्पियनशिप रेस की मेजबानी करना हैदराबाद और पूरे देश के लिए कितना महत्वपूर्ण था।

## अभिनेता सोनू सूद ने दिव्यांगों के लिए उठाई आवाज



अभिनेता सोनू सूद ने दिव्यांगों की आवाज बनते हुए अधिकारियों और राय सरकारों से उनकी मूल ग्रेयुटी और न्यूनतम पेंशन पर पुनर्विचार करने और बढ़ाने का आग्रह किया है।

अभिनेता ने सोशल मीडिया पर सड़क किनारे बैठे दिव्यांग के साथ वीडियो शेयर किया।

वीडियो में उन्हें यह कहते हुए देखा जा सकता है, च्च्आज मैं बिहार से आए धर्मेंद्र के साथ हूं। मुझे अभी पता चला कि देश में किसी भी दिव्यांग व्यक्ति को सरकार 400 रुपये देती है। जरा सोचिए कि कोई व्यक्ति 400 रुपये में अपना खर्च कैसे चला सकता है। मैं विभिन्न सरकारों से आग्रह कर रहा हूं कि सिर्फ 400 रुपये में कुछ भी नहीं किया जा सकता है, और इसलिए मैं सरकार से इस योजना के तहत वित्तीय सहायता की राशि बढ़ाने का अनुरोध करता हूं।

पोस्ट को कैप्शन दिया गया था, मेरे नए साल का संकल्प दिव्यांगों के लिए अधिकार... मैं संबंधित अधिकारियों और राय सरकारों से विनम्रतापूर्वक अनुरोध करता हूं कि वे दिव्यांगों की मूल ग्रेयुटी और न्यूनतम पेंशन को उचित रूप से बढ़ाएं ताकि उन्हें उनकी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में मदद मिल सके। उनके सामने आने वाली अंतर्निहित चुनौतियों को कम करने के लिए प्राथमिकता दी जानी चाहिए।



## मालदीव में बॉयफ्रेंड संग वेकेशन मना रही तापसी पन्नू

एक्ट्रेस तापसी पन्नू, जिन्हें उनकी हाल ही में रिलीज हुई फिल्म डंकी के लिए शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है, वर्तमान में मालदीव में छुट्टियों मना रही हैं।एक्ट्रेस ने नए साल का जश्न अपने बॉयफ्रेंड मैथियास बो और बहन शगुन पन्नू के साथ मनाया।

मनमर्जियां एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें शेयर की। पहली तस्वीर में वह अपनी बहन शगुन पन्नू के साथ पोज देती नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने गोल्डन बॉर्डर वाली ब्लू साड़ी पहनी और इसे व्हाइट ब्लाउज के साथ पेयर किया। उन्होंने कैप्शन में लिखा, मुस्कान और साड़ी के साथ 2024 में एंट्री कर रही हूं।

अगली तस्वीर में एक्ट्रेस अपने बॉयफ्रेंड की गोद में बैठी हैं और उन्हें प्यार से गले लगा रही हैं। तापसी पन्नू ने तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, च्यंड ए हगज्

इसके अलावा, एक और तस्वीर में तापसी फेंड्स के साथ नजर आ रही हैं। इस पर उन्होंने लिखा, एंड ब्यूटी

खबरों की मानें तो तापसी अपने प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले 1 वेब सीरीज और 1 फिल्म का निर्माण करने वाली हैं।





## बॉबी देओल संग नजर आए आर्यमन देओल, दोनों ने हैंडसम लुक से फैंस को किया कायल

हाल ही में रिलीज हुई एक्शन थ्रिलर एनिमल की सफलता का आनंद ले रहे एक्टर बॉबी देओल ने बुधवार को अपने बेटे आर्यमन के साथ कुछ बेहद खूबसूरत तस्वीरें साझा कीं।एक्टर ने इंस्टाग्राम पर अपने बेटे के साथ दो तस्वीरें साझा कीं। इन तस्वीरों में बॉबी को ब्लू सूट के साथ वाइट शर्ट में फॉर्मल लुक में देखा जा सकता है। वहीं उनके बेटे ब्लैक फॉर्मल कोट और वाइट शर्ट में बेहद हैंडसम लग रहे हैं। दोनों सीधे कैमरे की ओर देख रहे हैं। इस पोस्ट पर एक्ट्रेस प्रीति जिंटा ने रेड हार्ट और फायर वाले इमोजी कमेंट सेक्शन में शेयर किया।एनिमल कबीर सिंह फेम संदीप रेड्डी वांगा द्वारा सह-लिखित, संपादित और निर्देशित है। एनिमल में रणबीर कपूर, अनिल कपूर, बॉबी और रश्मिका मंदाना मुख्य भूमिका में हैं। इसमें तृप्ति डिमरी, शक्ति कपूर, प्रेम चोपड़ा और सुरेश ओबेरॉय भी शामिल हैं। बॉबी की अगली फिल्म कांगुवा और एनबीके 109 है।

# ईडी की चार्जशीट में आया भूपेश बघेल का नाम

## ईडी ने कहा आरोपी असीम दास अपने बयान पर कायम




**रायपुर,06 जनवरी 2024 (ए)।** महादेव बेटिंग एप्प मामले में ईडी ने न्यायालय में अपनी दूसरी चार्जशीट दाखिल कर दी है। इस चार्जशीट में पूर्व सीएम भूपेश बघेल का नाम आया है। ईडी के अनुसार आरोपी असीम दास अपने बयान पर कायम है, जिसमें उसने कहा था कि उसे भूपेश बघेल को नकदी डिलीवर करने के लिए भेजा गया था। ज्ञात हो कि ईडी ने बताया,असीम दास ने 12 दिसंबर को नया बयान दर्ज कराया था,जिसमें वो अपने पुराने बयान से मुकर गया था। इसमें उसने कहा था कि 3 नवंबर को उसने जो बयान दिया था वो किसी प्रभावशाली व्यक्ति के दबाव में दिया था, जोकि उसके वकील के साथ ही आया था। अब इस बयान से आरोपी असीम दास मुकर गया है।

छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव से पहले 2 नवंबर की गिरफ्तारी के बाद 2 नवंबर को उसने जब बयान दिया था,उसमें कहा था कि महादेव बेटिंग एप्प प्रमोटर्स ने चुनाव में खर्च के लिए एक राजनेता 'बघेल' को पहुंचाने के लिए 5.39 करोड़ दिए थे. बाद में वो अपने बयान से मुकर गया था. उसने 12 दिसंबर को अपने बयान से पलटी मार ली और कहा कि उसे इस मामले में साजिशन फंसाया गया है। उससे जबरन अंग्रेसी भाषा में लिखे एक बयान पर हस्ताक्षर कराए गए,जबकि उसे अंग्रेजी नहीं आती है।

### सभी घोटालों की होगी जांच : सीएम साय

महादेव ऑनलाइन सट्टा एप में पूर्व सीएम भूपेश बघेल का नाम सामने आने व राज्य में हुए विभिन्न घोटालों को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि सभी घोटालों की जांच कराई जाएगी।

## ईडी की चार्जशीट पूर्व सीएम का नाम होने पर भड़के भूपेश ने बताया यह राजनीतिक षड़यंत्र का हिस्सा

वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अपने सप्लीमेंट्री चार्जशीट में जिस तरह से उनका नाम लिखा है, वह पूरी तरह से राजनीतिक षड़यंत्र का हिस्सा है। उन्होंने कहा है कि ईडी अपने राजनीतिक आकाओं के इशारे पर कूटरचना कर लोगों को गिरफ्तार कर रही है और उनसे दबावपूर्वक मेरे और मेरे सहयोगियों के खिलाफ़ बयान दिलवा रही है। उन्होंने कहा है कि इन बयानों में जो पैसों के लेनदेन के आरोप लगाए गए हैं उनका कोई आधार नहीं है।वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि जिस असीम दास के पास से रुपए बरामद हुए थे उसने जेल से अपने हस्तलिखित बयान में कह दिया है कि उन्हें भी धोखे में रखकर फंसाया गया है और उन्होंने कभी किसी राजनेता व उनसे जुड़े लोगों को पैसा नहीं पहुंचाया। अब ईडी दावा कर रही है कि उसने यह बयान भी वापस ले लिया है। यह किस दबाव में हो रहा है, उसे सब जानते हैं। उन्होंने सवाल पूछा है कि ईडी ने जिस दिन कथित रूप से असीम दास से रुपए बरामद किए थे उस घटना की पूरी रिकॉर्डिंग ईडी के पास है। इसका मतलब है कि पूरी घटना पूर्व नियोजित थी और इसका मतलब यही है कि इसकी कूटरचना ईडी ने ही की थी।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा है कि ईडी ने दावा किया है कि चंद्रभूषण वर्मा ने भी अपना पहले का बयान वापस ले लिया है। बघेल ने कहा है कि हम शुरुआत से कह रहे हैं कि ईडी मारपीट से लेकर धमकी देने तक हर हथकंडे अपनाकर मेरा व मेरे सहयोगियों का नाम लेने का दबाव बना रही है। ईडी के नए दस्तावेज से यह और स्पष्ट हो गया है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि महादेव ऐप के घोटाले की जांच उन्होंने मुख्यमंत्री रहते हुए खुद शुरू की थी। वे चाहते थे कि इस पूरे गिरोह का भंडाफोड़ हो और युवाओं को जुआखोरी की ओर धकेल रहे इस अपराध पर रोक लगे।छत्तीसगढ़ सरकार की इस जाँच के आधार पर ही ईडी धन-शोधन का मामला बनाकर जांच कर रही है लेकिन दुर्भाग्य है कि ईडी ने जांच को अपराध की बजाय राजनीतिक दबाव व बदनामी का हथियार बना लिया है।



## छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय और सभी जिला कोर्ट में होगी भर्ती

**रायपुर, 06 जनवरी 2024 (ए)।** नवा रायपुर के न्यू सर्किट हाउस में आज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा और उप मुख्यमंत्री सह विधि एवं विधायी कार्य मंत्री अरूण साव की आधिकारिक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में उच्च न्यायालय एवं जिला न्यायालय के अधोसंरचना विकास तथा कर्मचारियों के विभिन्न पदों के सृजन एवं भर्ती की स्वीकृति से संबंधित प्रस्तावों पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री साय द्वारा अधिकांश प्रस्तावों पर सकारात्मक रूप से विचार करने का आश्वासन दिया गया। बैठक में मुख्य सचिव अभिताम जैन, रजिस्ट्रार जनरल अरविन्द वर्मा, प्रमुख सचिव विधि रजनीश श्रीवास्तव, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद, लोक निर्माण विभाग के सचिव कमलप्रीत सिंह, वित्त विभाग के सचिव अंकित आनंद, मुख्य न्यायाधीश के पी.पी.एस. सुब्रमण्यम तथा विधि विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## गृह मंत्री विजय शर्मा की नक्सलियों को आग्रह के साथ की चेतावनी भी




**दंतेवाड़ा,06 जनवरी 2024 (ए)।** दंतेवाड़ा दौरे के दौरान गृहमंत्री शर्मा ने बड़ा बयान दिया है।उन्होंने नक्सलियों से आग्रह किया है कि मुख्यधारा से जुड़ जायें वर्ना उनके द्वारा किए गए हर घटनाओं का हिसाब लिया जायेगा। इसके पहले हेलीपेड पर जवानों ने गृहमंत्री विजय शर्मा को सलामी दी। उन्होंने मीडिया से बात करते कहा कि नक्सलियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा वार्ता के लिए मननाही नहीं है। बहके युवाओं को मुख्य धारा में आना पड़ेगा। नक्सलियों दिए दर्द से नौजवान, सीविलियन और जानवर तक कराह रहे है। आईडी ब्लास्ट में दर्जनों लोग घायल होते हैं। रायपुर हॉस्पिटल में 6 जवान भर्ती हैं। जिनमें 3 जवान के पैर जा चुके है, ये सामाजिक पीड़ा है।

## संक्षिप्त खबरें



### मुख्यमंत्री साय ने राजिम भक्तिन माता जयंती की दी बधाई

**रायपुर,06 जनवरी 2024(ए)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों को राजिम भक्तिन माता जयंती की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। साय ने कहा है कि राजिम माता उन सभी कर्मवीरों की आराध्य हैं, जिन्होंने कर्म को ही जीवन का सार माना है। धर्मनिष्ठा और कर्मठता की प्रतीक राजिम माता के नाम पर छत्तीसगढ़ की धार्मिक और ऐतिहासिक नगरी राजिम का नाम पड़ा है।छत्तीसगढ़ का राजिम अब केवल धार्मिक स्थल ही नहीं बल्कि तीन नदियों के साथ विभिन्न संस्कृतियों, सम्प्रदायों का संगम स्थल बन गया है। साय ने कहा कि भक्तिन राजिम माता ने हमें कर्म और भक्ति का संस्कार दिया है। उनका त्याग, तपस्या और सत्कर्म हमें हमेशा प्रेरणा देता रहेगा।

### अन्याय के विरुद्ध न्याय की इस लड़ाई में हम फिर आ रहे:बैज



**रायपुर,06 जनवरी 2024(ए)।** पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर ट्वीटर पर यात्रा को लेकर वीडियो शेयर किया है। उन्होंने लिखा है, अन्याय के विरुद्ध न्याय की इस लड़ाई में हम फिर आ रहे हैं। करोड़ों देशवासियों की मोहब्बत और दुआएं साथ लेकर तानाशाही और अहंकार को करारा जवाब देने फिर यात्रा निकाली जा रही। बैज ने कहा, अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाइए,इस न्याय यात्रा में हमारे साथ जुड़िए।

### बंगलों में सिक्योरिटी ऑडिट के बाद होगी शिफ्टिंग

**रायपुर,06 जनवरी 2024(ए)।** नवा रायपुर में मुख्यमंत्री,मंत्री और अफसरों के लिए तैयार बंगलों में फिलहाल शिफ्टिंग नहीं होगी। सुरक्षा कारणों से सीएम श्री साय को भी वहां बंगला अलॉट नहीं किया जा रहा है। बताया जाता है कि सिक्योरिटी ऑडिट के दौरान बाउंड्रीवाल की ऊंचाई, बंगले के चारों ओर निगरानी के लिए बनाए जाने वाले वॉच टॉवर की स्थिति सही है या नहीं? बंगले में आने जाने वाले रास्ते कितने? इसमें कुछ समय लगेगा। इन कारणों से सीएम श्री साय व अन्य मंत्रियों के आवास फिलहाल रायपुर में ही रहेंगे।

## महादेव एप्प मामले में ईडी जल्द ही करेगी अहम खुलासे

**रायपुर,06 जनवरी 2024(ए)।** महादेव एप्प मामले में एक के बाद एक कई खुलासे हो रहे हैं। एक ओर जहां ईडी ने भूपेश बघेल पर आरोप लगाने वाले आरोपी शुभम सोनी सहित पांच लोगों को चार्जशीट में आरोपी बनाया है तो वहीं अब खबर आ रही है कि ईडी जल्द ही महादेव एप से जुड़े कई अहम खुलासे करने वाली है। बताया जा रहा है कि कई नेताओं और अफसरों के नाम भी इसमें सामने आ सकते हैं।

मिली जानकारी के अनुसार महादेव ऐप घोटाला मामले से जुड़े आरोपियों की 10 जनवरी को कोर्ट में पेशी है




और इसी दिन ईडी कोर्ट में बड़े राजदार को पेश कर सकती है। बता दें कि इसी राजदार के बयान के बाद शुभम सोनी को महादेव ऐप्प का तीसरा संचालक मानते हुए प्रथम अभियोजन परिवाद में आरोपी बनाया गया है।सूत्रों के हवाले बताया जा रहा है कि ईडी 10 जनवरी को जिस राजदार को कोर्ट में पेश करने वाली है उसी के जरिए ही नेताओं और अफसरों तक पहुंचाया जाता था। इस राजदार ने अब तक ईडी के सामने कई अहम खुलासे किए हैं और कहा जा रहा है कि 10 जनवरी को कोर्ट में भी अहम खुलासे कर सकता है।

## गुंडागर्दी करने वाले कांग्रेस नेता का मामला एएसपी ने दबाया,देता रहा संरक्षण

**बिलासपुर,06 जनवरी 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ में सरकार बदलते ही भू-माफिया कांग्रेस नेता अकबर खान पर पुलिस ने महज एक सप्ताह के भीतर आत्महत्या के लिए उकसाने का दूसरा केस दर्ज किया है। जमीन और दुकान कब्जे की प्रताड़ना के चलते सुसाइड के इस केस को एडिशनल एसपी सिटी जांच के बहाने 13 महीने तक दबाए बैठे थे। जिसमें अब जाकर एफआईआर दर्ज की गई है।



बता दें कि भाजपा नेता व पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने शहर में भू-माफियाओं की गुंडागर्दी को मुद्दा बनाया था। उन्होंने दावा किया था कि भाजपा की सरकार बनते ही 15 दिन के भीतर गुंडागर्दी और माफियाराज को खत्म कर दिया जाएगा। अब भाजपा की सरकार बनने के बाद इसका असर दिखने लगा है। मामला सरकंडा थाना क्षेत्र का है। चांटीडीह के पठान मोहल्ला निवासी रज्जब अली (56) ने 4 अक्टूबर 2022 को अपने घर के पास पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। उसकी रज्जब ट्रेडर्स नाम से दुकान थी। इस मामले में जांच के दौरान पुलिस ने उसके पास से एक पर्ची पर लिखे सुसाइड नोट को बरामद किया था, जिसमें उसने लिखा था कि वो कांग्रेस का कार्यकर्ता था।सुसाइड नोट में लिखा था कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी आप मेरे परिवार की सुरक्षा करें। रज्जब के बेटे और रिश्तेदारों ने आरोप लगाया था कि जमीन और दुकान खाली कराने के लिए कांग्रेस नेता अकबर खान और तय्यब हुसैन लगातार दबाव बना रहे थे और मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे।

## प्रीमियम पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली

### सीजे ने मंडल प्रबंधक को जमकर लगाई फटकार

**बिलासपुर,06जनवरी 2024 (ए)।** हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच ने बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर ड्रॉप एंड गो में बैरियर लगाकर ठेकेदार की अवैध वसूली को लेकर जमकर नाराजगी जताई। मामले की सुनवाई के दौरान मंडल रेल प्रबंधक का जवाब पढ़कर चीफ जस्टिस नाराज हुए। उन्होंने कहा इतना बड़ा रेलवे स्टेशन चला रहे हो, हजारों यात्रियों का आना-जाना है, उनसे कोई मतलब है या नहीं। रेलवे स्टेशन पर मनमानी चल रही है, कहां है डीआरएम, ऑफिस से निकलकर रेलवे स्टेशन जाकर देखें कि क्या हालात हैं, यहां कोई सिस्टम है या नहीं।

### खबरों को संज्ञान में लेकर दायर की जनहित याचिका

बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को छोड़ने के लिए पहुंचने वाली गाड़ियों से पार्किंग ठेकेदार 59 रुपए की अवैध वसूली करते हैं, जबकि ड्रॉप एंड गो एरिया में वसूली का नियम नहीं है। इस संबंध में छपी खबरों पर संज्ञान लेते हुए स्वतः संज्ञान से हाईकोर्ट ने एक जनहित याचिका दर्ज कर सुनवाई शुरू कर दी है।

वाणिज्य निरीक्षक निलंबित, अखबार से मांगा रसीद..!

रेलवे ने शुक्रवार को इसका जवाब दिया, जिसमें बताया गया कि रेलवे ठेकेदार पर जुर्माना किया गया है। वाणिज्य निरीक्षक को निलंबित भी कर दिया गया है। स्टेशन के गेट पर बोर्ड लगाकर बता दिया गया है कि ड्रॉप एंड गो पर कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। साथ ही यह भी जवाब में लिखा गया था कि संबंधित अखबार से प्रकाशित खबर के संबंध में 59 रुपए लिए जाने की रसीद मांगी गई है।




### कानून व्यवस्था को बनाया मजाक

जवाब पढ़कर चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने कहा कि डीआरएम कर क्या रहे हैं? क्या वे चेंबर में आराम कर रहे हैं, उनको पता नहीं कि पार्किंग ठेकेदार यात्रियों के साथ क्या बर्ताव कर रहा है? इतना बड़ा रेलवे है और सबूत अखबार से मांगा जा रहा है। आप लोगों ने कानून व्यवस्था को मजाक बना दिया है। रेलवे या अस्पताल हो आम लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। आप लोगों के जवाब से नहीं लोगों के जुबान से सुनाई देना चाहिए कि व्यवस्था सुधरी है और अच्छी हो गई है।

## हारने वाले सांसदों की कट सकती है टिकट:अरुण साव

**रायपुर,06 जनवरी 2024(ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पांच राज्यों में हुए विधानसभा के चुनाव में मोदी की गारंटी पर भाजपा ने कई राज्यों में कांग्रेस का सफाया कर अपनी सरकार बना ली है। जीत से उत्साहित भाजपा अब लोक सभा चुनाव में भी अच्छा प्रदर्शन कर पुनः केंद्र में भाजपा की सरकार बनाना चाहती है। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व में लोकसभा चुनाव की तैयारियां जोरशोर से की जा रही है। लोकसभा चुनाव की रणनीति के तहत केंद्र सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए देशभर में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। जिसमें केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया जा रहा है। लोकसभा चुनाव को देखते हुए छ्त्तीसगढ़ की 11 सीटों को जीतने के लिए भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व रणनीति पर लगातार काम कर रही है। इसी बीच



डिप्टी छ्ररूअरुण साव ने एक बड़ा बयान जारी किया है। उन्होंने कहा कि चुनाव में जीतने वाले प्रत्याशियों को मैदान में उतारेंगे। उन्होंने इशारा किया है कि चुनाव में हारने वाले सांसदों की टिकट कटने वाली है। जब प्रत्याशी तय होंगे, तो इसका पता सबको चल जाएगा। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का मन बना लिया है। छत्तीसगढ़ की जनता ने ऐतिहासिक बहुमत दिया है। वोट प्रतिशत और सीटों के हिसाब से भाजपा ने जीत दर्ज की है। अब भाजपा लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटें जीतने की तैयारी में है, जिसे लेकर रायपुर में बैठक हुई है। डिप्टी सीएम अरुण साव ने इशारा किया है कि इस बार लोकसभा चुनाव में हारने वाले उम्मीदवार को टिकट नहीं मिलेगा। संगठन के नेता और पदाधिकारी मैदानी स्तर पर राय लेकर जीतने वाले कैंडिडेट्स को चुनाव मैदान में उतारेगी।



## एम्बुलेंस पलटने के मामले में हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान

» बड़े शहरों के लिए रोडमैप तैयार करने के आदेश

» डीजीपी कलेक्टर और ट्रैफिक प्रभारी को नोटिस जारी

**बिलासपुर,06जनवरी 2024 (ए)।** न्यायधानी के नेहरू चौक पर एम्बुलेंस पलटने की घटना को लेकर हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविन्द्र अग्रवाल की डिवीजन बैंच ने स्वतः संज्ञान लिया है और ट्रैफिक के मामले को लेकर बिलासपुर सहित प्रदेश के बड़े शहरों के लिए रोडमैप तैयार करने का आदेश दिया है। साथ ही इस मामले में प्रदेश के यातायात प्रभारी को नोटिस जारी किया है। बिलासपुर के नेहरू चौक पर मरीज को लेकर जा रहे एम्बुलेंस के पलटने से एम्बुलेंस चालक सहित उसमें सवार मरीज को गंभीर चोट आई है। हाईकोर्ट ने शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को गंभीरता से लेते हुए कहा कि इमरजेंसी सेवाओं की गाड़ी कहीं न रूके और सीधे निकल जाए। कोर्ट का कहना है कि वीआईपी के गुजरने के दौरान ट्रैफिक सिग्नल को फ्री कर दें, जिससे सामान्य व्यक्ति को कोई परेशानी नहीं होगी। कोर्ट ने इस मामले में प्रदेश के डीजीपी समेत बिलासपुर कलेक्टर और ट्रैफिक प्रभारी को नोटिस जारी किया है। हाईकोर्ट ने ट्रैफिक व्यवस्था को गंभीरता से लेते हुए कहा है कि सड़कों, ट्रैफिक सिग्नलों पर कितना का दबाव है, इसे ध्यान में रखकर इमरजेंसी सेवार जैसे एम्बुलेंस, फॉयर व्हीकल के लिए रोडमैप तैयार करें। हाईकोर्ट ने बिलासपुर, रायपुर दुर्ग जैसे बड़े शहरों सहित पूरे प्रदेश के लिए इस तरह का रोडमेप तैयार करने कहा है।

## कांग्रेस सरकार में गरीबों का हक छीना गया

**दंतेवाड़ा,06 जनवरी 2024(ए)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय इस वक्त दंतेवाड़ा दौरे पर है । इस दौरान वे धरमपुरा के पीएमटी मैदान में आयोजित संभाग स्तरीय कार्यकर्ता सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम साय ने कहा, चुनाव के दौरान और चुनाव के पहले भी हमारे पार्टी के कई अच्छे-अच्छे कार्यकर्ता नक्सलवाद के शिकार हुए। उन सभी को मैं नमन करता हूं। उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। बस्तर के लोगों का स्वागत है। आपने 12 में से 8 सीटें जिताकर दी है। सीएम साय ने कहा, पहली बार छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी आदिवासी मुख्यमंत्री बने हैं और आज एक आदिवासी मुख्यमंत्री का बस्तर में पहली बार आप लोगों के बीच में आगमन हुआ है। हमारे नेता बता रहे थे कि आज हमारे सरकार को बने हुए 24 -25 दिन हो गए हैं, लेकिन 24-25




दिन में हमने कई बड़े-बड़े कार्य संपन्न किए हैं, जो मोदी की गारंटी में हमारी पार्टी ने जो वादा किया था उसे पूरा किया है. शपथ लेने के दूसरे दिन 18 लाख गरीब लोगों पर प्रधानमंत्री आवास दिए जाने का निर्णय लिया गया है। कांग्रेस की सरकार में एक भी प्रधानमंत्री आवास का काम नहीं हुआ। हमारे गरीबों का हक छीना गया। सीएम ने कहा, हमारी पार्टी का वादा था कि सरकार और मुख्यमंत्री होगा वह पहले काम 18 लाख गरीबों को पक्का मकान स्वीकृत करेगा और 13 दिसंबर को सरकार ने शपथ ली। 15 दिसंबर को यह वादा पूरा किया। 5 साल में कांग्रेस की सरकार ने अपने वादे पूरे नहीं किए, लेकिन आपको बताते हुए मुझे गौरव होता है कि 25 दिसंबर को हमारे छत्तीसगढ़ में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई का सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन पूरे प्रदेश में जगह-जगह कार्यक्रम करके करोड़ रुपए से ज्यादा बोनस की राशि खाते में दी गई है। यह काम भारतीय जनता पार्टी ही कर सकती है।

## स्वास्थ्य सेवाओं में अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में काम करेंगे:जायसवाल

**बिलासपुर,06जनवरी 2024 (ए)।** स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में देश के अग्रणी राज्य के तौर पर छत्तीसगढ़ को पहचान दिलाने की दिशा में काम करेंगे। इसी के साथ ही जल्द ही प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं में भर्ती की जाएगी।इसके साथ ही उन्होंने ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में डॉक्टर, नर्स, स्टाफ की कमी नहीं रहने दिया जाएगा। बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए स्टाफ, मरीज, इक्यूपमेंट सभी विषयों पर काम कर रहे हैं। प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर एक बड़ा बयान दिया है जिसमें उन्होंने कहा है कि छत्तीसगढ़ 5 वर्षों में स्वास्थ्य के क्षेत्र में पीछे गया है। पांच वर्षों में



स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्या हुआ है यह किसी से नहीं छिपा है।

बता दें कि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने अपने बयान में कहा कि प्रदेश में डॉक्टर, नर्स सहित अन्य स्टाफ की कमी दूर करेंगे साथ ही पदों को बढ़ाने की दिशा में भी काम किया जाएगा। इसके लिए सभी जगह से रिपोर्ट मांगा गया है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा साई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)